# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा



पीएम मोदी ने गोवा में श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

# यह अयोध्या की मूर्ति के समान, धनुष-बाण धारी भगवान राम के सौम्य चेहरे का भाव दर्शाया गया

## यह प्रतिमा कांस्य से बनी और श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी

एजेंसी ⏭ गोवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा में भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा कांस्य से बनी है और श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी है। भगवान श्रीराम की इस प्रतिमा का स्वरूप अयोध्या की मूर्ति से काफी मिलता-जुलता है। इसमें भगवान राम के हाथ में धनुष-बाण और चेहरे पर सौम्यता व दिव्यता का भाव दिखता है। पीएम मोदी ने श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष के उत्सव 'सार्ध पंचशतामनोत्सव' में शामिल होकर ⏩ शेष पेज 5 पर

## नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार के मार्गदर्शन में बनी प्रतिमा



बटन दबाकर अनावरण करते पीएम मोदी

इस प्रतिमा को नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। राम सुतार ने ही गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी डिजाइन की थी। गोवा में श्रीराम की प्रतिमा के साथ रामायण थीम पार्क और राम संग्रहालय भी बनाया जा रहा है।

### गोकर्ण पर्तगाली मठ के बारे में जानें

यह सारस्वत ब्राह्मण समुदाय का एक सम्मानित धार्मिक केंद्र है। इसकी स्थापना 1656 ईसवीं में श्री राम चंद्र तीर्थ ने की थी। मठ में भगवान श्री राम, लक्ष्मण और सीता मुख्य देवता के रूप में पूजे जाते हैं। देशभर में इस मठ की 33 शाखाएं हैं। मठ का 550वां वार्षिकोत्सव 31 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान राम नाम जप अभियान, भजनी सप्ताह और 11 दिन का उत्सव आयोजित होगा।

## रायपुर में जुटेंगे देश भर के पुलिस महानिदेशकः पीएम मोदी देंगे मंत्र

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29-30 नवंबर को रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रायपुर में होने वाले 60वें अखिल भारतीय डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन 29 से 30 नवंबर तक तीन दिनों तक चलेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य अब तक पुलिसिंग से जुड़े बड़े चुनौतियों पर हुई प्रगति की समीक्षा करना और आने वाले समय के लिए 'सुरक्षित भारत' का रोडमैप तैयार करना है।

इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय रखा गया है—'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम'। सम्मेलन में जिन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी, उनमें शामिल हैं, वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद), आतंकवाद-रोधी रणनीतियाँ, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा, फॉरेंसिक विज्ञान और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का उपयोग। प्रधानमंत्री इस अवसर पर राष्ट्रपति के पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे। यह सम्मेलन देशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासन से जुड़े प्रतिनिधियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहाँ वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा कर सकते हैं।

इसके माध्यम से पुलिस बलों की कार्यस्थितियों, उनकी जरूरतों, आधुनिक तकनीक के उपयोग और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी 2014 से इस सम्मेलन में विशेष रुचि लेते रहे हैं और उन्होंने लगातार इसके प्रारूप को आधुनिक और बेहतर बनाने पर जोर दिया है। इसी वजह से हर वर्ष इसे देश के अलग-अलग शहरों में आयोजित किया जाता है।

अब तक यह सम्मेलन गुवाहाटी, कच्छ, हैदराबाद, टेकनपुर, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (केवड़िया), पुणे, लखनऊ, दिल्ली, जयपुर और भुवनेश्वर में आयोजित हो चुका है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष इसका आयोजन रायपुर में किया जा रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृह राज्य मंत्री, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी, तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। इस बार नए और युवा विचारों को शामिल करने के लिए राज्यों/यूटी के गृह विभागों के प्रमुख और कुछ ⏩ शेष पेज 5 पर

### नौसेना के एमएच60आर हेलीकॉप्टरों के बेड़े को होगा लाभ

# भारत-अमेरिका ने किए 7 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों पर हस्ताक्षर

चाणक्य रक्षा संवाद में बोले राजनाथ, वैश्विक दक्षिण के देशों की नजर में भारत एक भरोसेमंद साझेदार है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय से जुड़े दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं। जिनमें से पहले में मंत्रालय ने अमेरिका की सरकार के साथ करीब 7 हजार 995 करोड़ रुपए के भारतीय नौसेना से जुड़े हुए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव और स्वीकृति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। जबकि दूसरे में चाणक्य रक्षा संवाद-2025 के समापन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत वर्तमान वैश्विक परिवेश में संतुलन और जिम्मेदारी की आवाज बन गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि समझौते की मदद से नौसेना के एमएच60आर हेलीकॉप्टरों के जंगी बेड़े को सहायता और अनुवर्ती आपूर्ति सहायता के जरिए 5 साल की अवधि के लिए लगातार समर्थन प्रदान किया जा सकेगा। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में अमेरिका के विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत इन स्वीकृति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### रक्षा पैकेज के मुख्य बिंदु

मंत्रालय ने कहा, नौसेना से जुड़े हुए व्यापक सहायता पैकेज में पुर्जों, सहायक उपकरणों, उत्पाद सहायता, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, घटकों की मरम्मत, पुनः पूर्ति और आवधिक रखरखाव निरीक्षण सुविधाओं की



स्थापना शामिल है। देश में इन तमाम सुविधाओं का विकास लंबी अवधि में क्षमता निर्माण सुनिश्चित करेगा। ये पूरी प्रक्रिया भारत के आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण के मुताबिक होगी। जिससे एक ओर अमेरिका की सरकार पर निर्भरता घटेगी। तो दूसरी ओर सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) और अन्य भारतीय फर्मों के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों और सेवाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा। अमेरिका का ये सहयोग हेलीकॉप्टरों को विभिन्न स्थानों के साथ-साथ जहाजों से भी संचालित करने में सक्षम बनाएगा। जिससे उनके सभी प्राथमिक, द्वितीयक मिशनों, भूमिकाओं के दौरान सर्वोत्तम प्रदर्शन सुनिश्चित होगा।

### ग्लोबल साउथ का भरोसेमंद साझेदार भारत

चाणक्य रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत संतुलन और जिम्मेदारी की आवाज बन गया है। जिसके चलते हिंद-प्रशांत और वैश्विक दक्षिण के तमाम देश भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखते हैं। हमारा देश शांति और संवाद में विश्वास रखता है। लेकिन जब लोगों की संप्रभुता और सुरक्षा की बात आती है तो हम समझौता नहीं करते हैं। देश के सशस्त्र बल एक प्रेरक शक्ति हैं। जो देश की क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान करते हुए अपने पड़ोसी की चुनौतियों से निपटने में उसे सक्षम बनाते हैं। ⏩ शेष पेज 5 पर

### उद्देश्य की स्पष्टता की दरकार

रक्षा मंत्री के मुताबिक, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, आतंकवाद, चरमपंथी तत्वों को सीमापार से मिलता समर्थन, यथास्थिति को बदलने के प्रयास, समुद्री दबाव और सूचना युद्ध जैसी चुनौतियों के लिए निरंतर सतर्कता के साथ ही उद्देश्य की स्पष्टता की आवश्यकता है। फिलहाल सुधार, विकल्प से ज्यादा रणनीतिक आवश्यकता बनते जा रहे हैं। सामर्थ्य के अलावा दृढ़ता भी इसी के समान महत्वपूर्ण है। सशक्त भारत झटकों को झेल सकता है, तेजी से बदलते परिवेश में स्वयं को ढाल सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों से बेपरवाह होकर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने सशस्त्र बलों को देश की मजबूती का एक अहम स्तंभ करार दिया। जिनका योगदान केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है। बल्कि ये वहां स्थिरता लाते हैं। जहां इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। सेना की दक्षता न केवल भारत ⏩ शेष पेज 5 पर

### वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ करेंगे शिरकत

# चार दिसंबर से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

**दोनों शीर्ष नेताओं के बीच विशेष सामरिक भागीदारी सहित क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा**



फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के जटिल दौर में अगले महीने 4 दिसंबर से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की दो दिवसीय (4 से 5 दिसंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमंत्रित किया है। रूस के राष्ट्रपति की इस भारत यात्रा का उद्देश्य नई दिल्ली में आयोजित किया जाने वाला 23 वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के शीर्ष नेता द्विपक्षीय संबंधों (रक्षा, व्यापार, तकनीक, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सांस्कृतिक सहयोग) की प्रगति, विशेष-विशिष्ट सामरिक भागीदारी को मजबूती प्रदान करने और साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर ⏩ शेष पेज 5 पर

### यूक्रेन विवाद पर होगी चर्चा

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच होने वाली बातचीत में शामिल होने वाले अंतरराष्ट्रीय मामलों में यूक्रेन विवाद का मसला भी प्रमुखता से शामिल किया जा सकता है। भारत ने वर्ष 2022 में ही युद्ध की शुरुआत के तुरंत बाद से समस्या का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए निकालने की वकालत की थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रूस और यूक्रेन के दोनों राष्ट्राध्यक्षों से क्रमशः मॉस्को, कीव में हुई द्विपक्षीय मुलाकातों में भी कहा था कि समस्या का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है। इसके लिए दोनों पक्षों को एक साथ ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत को मिलेंगी अतिरिक्त एस-400?

रक्षा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा में रक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए कुछ जरूरी सैन्य-सामरिक विषयों पर भी चर्चा की जा सकती है। जिनमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाली एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की अतिरिक्त खेप और सु-57 लड़ाकू विमान की 2 स्क्वाड्रन की खरीद का मसला शामिल है। भारत ने अमेरिका की पाबंदियों वाली तमाम धमकियों के बावजूद 2018 में रूस से एस-400 की 5 रेजिमेंट की खरीद के लिए 5.4 अरब डॉलर का एक समझौता किया था। तीन रेजिमेंट मिल चुकी हैं, बाकी बची हुई दो अगले वर्ष 2026 के मध्य में सौंपी जाएगी। यूक्रेन युद्ध की वजह से इनकी डिलीवरी में देरी हुई है। इसके अलावा दोनों नेताओं की वार्ता में सुखोई-एमकेआई लड़ाकू विमानों के अपग्रेडेशन, ⏩ शेष पेज 5 पर

## संसद का शीतकालीन सत्रः विपक्षी घेरेबंदी को "वंदे मातरम" से तोड़ने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के लिए सरकार ने 'वंदे मातरम' पर एक पूरे दिन की चर्चा कराने का संकेत दिया है। यह प्रस्ताव ऐसे समय सामने आया है जब विपक्ष विशेष विधिक पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) और चुनावी सुधारों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। साथ ही विपक्षी तरकश में दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण सहित पर्यावरण से जुड़े कई गंभीर "तीर" भी शामिल रहेंगे। विपक्ष के सभी "तीर" को वंदे मातरम और राष्ट्रवाद से जोड़ कर सत्ता पक्ष ने घेरने की तैयारी की है। मतलब सीधा है पक्ष और विपक्ष दोनों ने एक दूसरे को शह और मात देने की लामबंदी शुरू कर दी है। जिसका स्वरूप रविवार को दिखेगा जब संसद के शीतकालीन सत्र को चलाने के ⏩ शेष पेज 5 पर

## स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी की अस्थियों का सोरोंजी हरिपदी गंगा कुंड में विसर्जन





**लखनऊ।** आईएनएच-हरिभूमि और जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपने पिता स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी की अस्थियों का विसर्जन यूपी के कासगंज के सोरोंजी हरिपदी गंगा कुंड में किया। इस मौके पर शिवांश द्विवेदी भी मौजूद थे। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने घाट पर पूजा-अर्चना भी की।

## कोटा बना देश का पहला ट्रैफिक-सिग्नल मुक्त शहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

21वीं सदी के शहरों के लिए शहरी गतिशीलता सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुकी है। बढ़ती आबादी और वाहनों की निरंतर वृद्धि ने पारंपरिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम ⏩ शेष पेज 5 पर






### मजबूत वृद्धि दरः अनुमान से भी आगे निकले आंकड़े, आ गई रिपोर्ट

भारत की जीडीपी दूसरी तिमाही में अनुमान से काफी बेहतर रही

# बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ी जीडीपी इस बार 8.2 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर अवधि) में 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर हासिल की है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की विकास दर 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को दी गई।

इससे वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में विकास दर 8 प्रतिशत की हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 6.1 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में देश की नॉमिनल जीडीपी में 8.7 प्रतिशत की दर से इजाफा हुआ है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रियल जीडीपी वृद्धि दर ⏩ शेष पेज 5 पर

### ⏩ फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज की यह रही वृद्धि दर




द्वितीयक क्षेत्र में शामिल मैन्युफैक्चरिंग की वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही है। तृतीयक क्षेत्र में फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कृषि और उससे जुड़े हुए सेक्टर की विकास दर 3.5 प्रतिशत रही है। वहीं, इलेक्ट्रिक, गैस, वाटर सप्लाई और अन्य यूटिलिटी सर्विसेज सेक्टर की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही है।

### पीएफसीई में कितनी हुई बढ़त?

वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में 7.9 प्रतिशत की बढ़त हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इसमें 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) में 2.7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.3 प्रतिशत बढ़ा था। सरकार की ओर से दी गई जानकारी ⏩ शेष पेज 5 पर

### आरोपी बंधु मान सिंह सेखों ने शूटरों को गोलीबारी के लिए कराया था सामान मुहैया

# कपिल शर्मा के कनाडा स्थित रेस्तरां में गोलीबारी में शामिल गैंगस्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने हास्य कलाकार कपिल शर्मा के कनाडा स्थित रेस्तरां पर सात अगस्त को हुई गोलीबारी में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बंधु मान सिंह सेखों ने घटना में शामिल शूटरों को गोलीबारी के लिए साजो-सामान मुहैया कराया था।

उसे पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि सिंह ने गोलीबारी के बाद एक कार उपलब्ध कराकर तथा उसके लिए सुरक्षित पार्किंग स्थल की व्यवस्था करके हमलावरों की मदद की थी। पुलिस के अनुसार बंधु मान सिंह कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों का करीबी सहयोगी बताया जाता है। ढिल्लों विदेशों में व्यापारियों और हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों को निशाना बनाकर वसूली करने वाला गिरोह का सरगना है। ढिल्लों से जुड़े कई लोगों के साथ मिलकर लोकप्रिय कलाकार को डराने-धमकाने के लिए उसके रेस्तरां को निशाना बनाने की व्यापक साजिश रची गई थी। सिंह के खिलाफ कनाडा में मामला दर्ज होने के बाद वह वहां से भागकर भारत आ गया था। हम उसके यात्रा मार्ग की पड़ताल कर रहे हैं। पुलिस को सिंह के लुधियाना में छिपे होने की सूचना मिली थी। उसके पास से कारतूस व एक चीनी पिस्तौल बरामद की गई है।

## तीन विदेशी नागरिकों समेत 10 मादक पदार्थ तस्कर चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर में पिछले 24 घंटों में की गई सिलसिलेवार छापेमारी के दौरान तीन विदेशी नागरिकों समेत 10 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लगभग 12 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेन्द्र कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि छापेमारी की यह संयुक्त कार्रवाई तेलंगाना पुलिस और दिल्ली पुलिस ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर की। उन्होंने बताया कि नेटवर्क से जुड़े 40 विदेशी नागरिकों को भी निर्वासन की कार्यवाही के लिए हिरासत में लिया गया है। तीन महीने पहले भी तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद में एक मादक पदार्थ आपूर्ति मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था, जिसमें नशीले पदार्थों के परिवहन के लिए कूरियर सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले एक नेटवर्क का खुलासा हुआ था। जांच के दौरान पता चला कि मादक पदार्थ दिल्ली से मंगाए जा रहे थे और तेलंगाना भेजे जा रहे थे। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में कई जगह छापे मारे गए, जिसके बाद 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## एलजी ने की युवा आईपीएस अधिकारियों से मुलाकात

### बिन भटके जनसेवा करने की दी सलाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राज निवास में युवा प्रोबेशनर आईपीएस अधिकारियों से मुलाकात की। राजनिवास सचिवालय के अनुसार वर्ष 2023 और 2024 बैच के इन युवा और एनर्जेटिक आईपीएस प्रोबेशनर्स से बातचीत में उपराज्यपाल को उन्होंने अपने अलग-अलग राज्यों में स्पेशल एजेंसियों के साथ ट्रेनिंग के अनुभव साझा किए। इस मौके पर एलजी ने सभी अधिकारियों को संदेश देते हुए ईमानदारी, सच्चाई और डेडिकेशन जैसे कोर वैल्यू को बनाए रखते हुए, गुड गवर्नेंस के लिए अपने नॉलेज और स्किल्स का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

एलजी ने इस दौरान सभी आईपीएस अधिकारियों को सावधान करते हुए सलाह भी दी कि उन्हें खुद को दूसरों से अलग दिखाने और पब्लिक सर्विस के मेन गोल से भटकना नहीं है। इस अवसर एलजी ने कहा कि मैं सभी अधिकारियों को उनके भविष्य में ब्राइट और सक्सेसफुल करियर की कामना करता हूं।

## दो लोगों को कार से कुचलने वाला कैब चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ इलाज के दौरान हो गई थी दोनों की मौत

पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर थाना इलाके में जखीरा गोल चक्कर के पास बुधवार शाम को दो लोगों को कार से कुचलने वाले कैब चालक को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। दोनों लोगों की आरएमएल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। चालक कैब मौके पर ही छोड़कर फरार हुआ था। पकड़े गये आरोपी चालक का नाम सोनीपत निवासी सुमित कुमार (20) बताया गया है।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में 26 नवंबर को सेक्शन 281/125(a)/106(1) बीएनएस के तहत मोती नगर थाने में केस दर्ज किया गया था। आरोपी ड्राइवर सुमित कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी मकान नंबर 218एफ, नियर ओसराम चौक, सेक्टर-12, सोनीपत, हरियाणा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। कार सुमित के पिता के नाम पर रजिस्टर्ड है। आरोपी सुमित ने माना कि वह गलत गाड़ी चला रहा था। जांच के दौरान आरोपी से उसका ड्राइविंग लाइसेंस और गाड़ी की इंश्योरेंस पॉलिसी दिखाने के लिए कहा गया, लेकिन वह उसे दिखाने में नाकाम रहा। इसलिए केस में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 3/181 भी जोड़ी गई है। इसके अलावा गाड़ी के मालिक संजय कुमार के खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 5/180 और 146/196 के तहत चार्ज लगाए गए हैं, क्योंकि उन्होंने अपने बेटे को बिना किसी वैलिड ड्राइविंग लाइसेंस और इंश्योरेंस के गाड़ी चलाने की इजाजत दी थी।

## 25 साल बाद पकड़ा गया कैब चालकों का हत्यारा

### ड्राइवरों को निशाना बनाकर कि गई लूट और हत्या के मामलों में था शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली और उत्तराखंड में कैब चालकों से लूट और मर्डर के चार मामलों में भगोड़ा घोषित अपराधी 25 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी धीरज उर्फ राजसिंह को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली के न्यू अशोक नगर थाने में भी इसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज था। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए नई पहचान तक बना ली थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी साल 2001 में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कैब ड्राइवरों को निशाना बनाकर किए गए चार बेरहमी से लूट और हत्या के मामलों में शामिल था। यह गैंग अपने साथियों के साथ टैक्सी किराए पर लेता था और ड्राइवरों की हत्या कर उनकी गाड़ियां लूटता था। पकड़े जाने से बचने के लिए लाशों को दूर पहाड़ी इलाकों में फेंक देता था। गाड़ियों को नेपाल में ठिकाने लगाया जाता था। 17 मार्च 2001 को न्यू अशोक नगर थाने में एक पीसीआर कॉल आई कि बी-2, मयूर विहार फेज-3 के पास एक डंप यार्ड में दो पुरुषों की लाशें पड़ी हैं। पुलिस ने तुरंत दोनों को एलबीएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा बच गया। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान दो आरोपियों धीरेंद्र और दिलीप नेगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और बाकी दो आरोपियों अजय लांबा और धीरज को पीओ घोषित कर दिया गया था। चार्जशीट फाइल कर दी गई थी। एक अक्टूबर 2007 को दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया गया और कड़कड़डूमा कोर्ट ने उन्हें सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 03 नवंबर 2010 को आरोपी धीरेंद्र (धीरज का भाई) अपनी सजा काटने के दौरान एक महीने के लिए पैरोल पर रिहा हुआ था।

उसे 2 दिसंबर 2010 को जेल में सरेंडर करना था, लेकिन वह फरार हो गया था। इससे पहले इसी मामले में उम्रकैद की सजा पाए पैरोल जंपर आरोपी धीरेंद्र सिंह तोमर को इसी टीम ने गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान उसने बताया कि अपनी शुरुआती गिरफ्तारी के बाद उसके भाई धीरज तोमर ने अपना नाम बदलकर राज सिंह रख लिया था और अपने परिवार से अलग अनजान जगहों पर रहने लगा था। आगे की पूछताछ में पता चला कि धीरज अपने गांव के पास इस झूठी पहचान से रह रहा था। बाद में उसकी हरकतों पर नजर रखने के लिए सीक्रेट मुखबिर लगाए गए। आखिर में सिकंदरपुर कलां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## डीयू को विश्व के टॉप 100 विश्वविद्यालयों में शामिल करना है लक्ष्य : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) का क्यूएस ग्लोबल रैंक इस बार 328 है, जबकि हमारा लक्ष्य है कि आगामी वर्षों में डीयू विश्व के टॉप 100 विश्वविद्यालयों में शामिल हो। डीयू कोर्ट की 93 वीं बैठक में 7 पदों पर प्रोफेशन के चुनाव के परिणाम की डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने शुक्रवार को जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कुल 7 आवेदन ही प्राप्त हुए थे, इसलिए सभी उम्मीदवारों को 5 साल के लिए निर्विरोध चुना लिया गया है। इनका कार्यकाल 16 दिसंबर, 2025 से शुरू होगा। कुलपति ने बताया कि अधिवक्ता अभिनव गर्ग, अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा, अधिवक्ता राज पाल सिंह पवार, अधिवक्ता संजय कुमार, सर्जरी के निदेशक-प्रोफेसर डॉ. शैलेश कुमार, अधिवक्ता तन्मय वत्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट वैभव भटनागर का डीयू कोर्ट के लिए निर्वाचन निर्विरोध हुआ है।

कुलपति ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि निर्विरोध निर्वाचन दर्शाता है कि सभी लोग डीयू के हित में मिलकर चले हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए **e-निविदाएं** आमन्त्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम : 12(A)** HNZM-PTNR-ANDI सेक्शन में 'C' रूट में RDSO के टैक्निकल स्पेसिफिकेशन के अनुसार 38 ट्रैक बेस्ड रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (1Km के लिए इलेक्ट्रॉनिक टाइप) पूरे सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और ऑपरेशन (5 साल के लिए)। **12(B)** GD और GQ 'A' रूट (NDLS-GZB-CPYZ और NDLS-PWL सेक्शन) में RDSO के टैक्निकल स्पेसिफिकेशन के अनुसार 36 ट्रैक बेस्ड रेल गेज फेस लुब्रिकेटर (1Km के लिए इलेक्ट्रॉनिक टाइप) पूरे सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, कमीशनिंग और ऑपरेशन (5 साल के लिए)। |
| 2. | **अनुमानित लागत : 12(A)** रु. 3,31,20,590.62, **12(B)** रु. 3,13,77,401.64 |
| 3. | **धरोहर राशि : 12(A)** रु. 3,15,600/-, **12(B)** रु. 3,06,900/- |
| 4. | **समापन अवधि : 12(A)** 60-माह, **12(B)** 60-माह |
| 5. | **निविदा खुलने की तिथि : 12(A)** 19.12.2025, **12(B)** 19.12.2025 |

**सूचनाः** निविदा रेलवे की वैबसाइट **'www.ireps.gov.in'** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर **19.12.2025, 15.00 बजे** तक ही भरी जायेगी।

**सं.: 128-डब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं/निविदा-12-A-B-25-26-डब्ल्यु सी दिनांक: 27.11.2025 3687/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर पर मिली पेड़ काटने की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चरण चार के तहत बनी मजलिस पार्क-मौजपुर मेट्रो लाइन अंतर्गत डबल डेकर कॉरिडोर की राह में रूकावट बने कुछ पेड़ों को हटाने की मंजूरी मिल गई है। जिसके बाद दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने इस पहले डबल डेकर कॉरिडोर के फ्लाईओवर को रैंप बनाकर सड़क से जोड़ने के रूके पड़े कार्य को पूरा करने की शुरूआत की है। जबकि इस डबल डेकर कॉरिडोर पर रिंग लाइन (पिंक) मेट्रो लाइन का विस्तार लगभग पहले ही बनकर तैयार हो चुका है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि जल्द ही उक्त मेट्रो कॉरिडोर के नीचे बन रहे फ्लाईओवर का कार्य भी जल्दी पूरा होगा।

इसके पूरा होते ही दिल्ली का पहला डबल डेकर कॉरिडोर लोगों के आवागमन के लिए खुल जाएगा। जानकारी अनुसार मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर की कुल लंबाई 12.318 किलोमीटर है। इस कॉरिडोर पर कुल आठ स्टेशन बनकर तैयार हो चुके है, अब केवल फिनिशिंग का कार्य अंतिम चरण में हैं। इसके अलावा मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) की तरफ से पहले ही इस कॉरिडोर पर मेट्रो परिचालन शुरू करने के लिए डीएमआरसी को एनओसी यानी स्वीकृति मिल चुकी है। बता दें कि इस मेट्रो लाइन पर भजनपुरा से यमुना विहार स्टेशन के बीच 1.4 किलोमीटर हिस्सा डबल डेकर होगा।

### किसानों को दी पराली प्रबंधन की जानकारी

नई दिल्ली। कृषि विज्ञान केंद्र, उजवा ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना 'फसल अवशेष का यथा-स्थान प्रबंधन' के अंतर्गत खण्ड-स्तरीय किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुंडेला गाँव (नजफगढ़ ब्लॉक) में किया। कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष डॉ. डी. के. राणा ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को पराली प्रबंधन से सम्बंधित आधुनिक तकनीकों एवं मशीनों के बारे में जानकारी प्रदान करना था, ताकि किसान वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर फसल अवशेषों का प्रबंधन कर सकें। उन्होंने किसानों को धान कटाई के बाद पराली प्रबंधन हेतु बायो-डीकंपोजर घोल तैयार करने की विधि, उसके छिड़काव की प्रक्रिया और मृदा में जीवांश पदार्थ की वृद्धि के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कैलाश, विशेषज्ञ (कृषि प्रसार) ने किसानों को धान कटाई के समय कम्बाइन हार्वेस्टर पर लगे सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम की उपयोगिता के बारे में बताया।

## कंझावला में किशोर की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पुलिस ने कुछ ही घंटों में दो नाबालिग आरोपी पकड़े

बाहरी दिल्ली के कराला इलाके में झगड़े के बाद 16 साल के एक लड़के की गुरुवार रात चाकू से गोदकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शुक्रवार जानकारी दी कि हत्या के सिलसिले में दो किशोरों को पकड़ा है। मामले में अभी जांच जारी है।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को रोहिणी के एक अस्पताल से किशोर को चाकू मारे जाने पर भर्ती करने की सूचना मिली थी। अस्पताल लाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची और बाद में अपराध स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम ने मृतक के रिश्ते के भाई (एक किशोर) का बयान दर्ज किया। उसने घटना का प्रत्यक्षदर्शी होने का दावा किया था। उसने पुलिस को बताया कि वह अन्य लोगों के साथ झगड़े के बारे में कॉल आने के बाद अपने दोस्त अरमान (18) के साथ घटनास्थल पर पहुंचा था। मृतक और अन्य लोगों का तीन किशोरों से झगड़ा हुआ था। हाथापाई के दौरान एक किशोर ने कथित तौर पर उसके पेट और जांघ में चाकू मार दिया। इसके बाद आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गए। कुछ ही घंटों में दो नाबालिगों को पकड़ लिया गया है। मृतक कराला के एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता एनडीपीएल में काम करते हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। हत्या के पीछे की असली वजह जानने के लिए नाबालिगों से पूछताछ की जा रही हैं।

### एयर-वाटर प्यूरीफायर पर जीएसटी हटाए केंद्र सरकार : केजरीवाल

नई दिल्ली। एयर-वाटर प्यूरीफायर पर जीएसटी हटाकर केंद्र सरकार जनता को राहत दे। यह मांग शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि साफ हवा और साफ पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। केंद्र सरकार इसका समाधान नहीं दे सकती है तो कम से कम एयर और वाटर प्यूरीफायर पर लग रहे जीएसटी को ही हटाकर जनता को राहत देनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सहित उत्तर भारत में हवा जानलेवा हो चुकी है और समाधान देने की बजाय सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। लोग अपने परिवार को प्रदूषण से बचाने के लिए एयर प्यूरीफायर लेने जाते हैं और वहां पता चलता है कि सरकार उस पर 18 फीसद जीएसटी वसूल रही है। यह सरासर अन्याय है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के सेक्शन में LHS नंबर 24, 25 और 32 पर कवर शेड, सम्प वेल/वर्षा जल संचयन आदि की व्यवस्था। |
| 2. | अनुमानित लागत | रु. 5,70,27,621.62/- |
| 3. | धरोहर राशि | रु. 4,35,100/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रुप में होनी चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | समापन अवधि | 12 महीने |
| 5. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 19.12.2025 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 19.12.2025 को 15:00 बजे। |
| 6. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7. | समान प्रकार के कार्य | ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोटः– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

संख्याः 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/25–26/डब्लू–I (NIT-33) दिनांकः 27.11.2025 **3690/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कार चालकों का ध्यान भटकाकर करते थे कीमती सामान चोरी

# 'ठक-ठक' गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



'ठक-ठक' गिरोह के दो बदमाशों को आरके पुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वाहन चालकों का ध्यान भटकाकर कार से कीमती सामान चोरी कर लेते थे। करीब 15 मामलों में इनकी संलिप्तता पाई गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम मदनगीर निवासी संजू उर्फ संजू मद्रासी (26) और गौरव उर्फ रिंकू (26) है। इनके खिलाफ एक महिला द्वारा 21 नवंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी। महिला रिंग रोड पर कार चला रही थी। उसे द्वारका जाना था। उसकी कार से लैपटॉप बैग चोरी किया गया था। पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ दक्षिण, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में डकैती, छीनाझपटी, धोखाधड़ी, चोरी और एनडीपीएस अधिनियम से संबंधित 15 मामलों का आपराधिक इतिहास है।

जांचकर्ताओं ने बताया कि ये दोनों आमतौर पर वाहन चालकों को उनके वाहन में किसी संभावित खराबी के बारे में सचेत करते थे और जब चालक जांच करने के लिए बाहर निकलता था, तो उनमें से एक चुपके से कार में रखा कीमती सामान निकालकर भाग जाता था। शिकायतकर्ता ओखला से द्वारका जा रही थी, तभी स्कूटर पर सवार दो लोगों ने उसे रुकने का इशारा किया और कहा कि उसकी गाड़ी में कोई खराबी है। जब वह गाड़ी चेक करने के लिए नीचे उतरी, तो उनमें से एक ने उसका लैपटॉप बैग गाड़ी से निकाल लिया था। गौरव को 23 नवंबर को गिरफ्तार किया गया तथा उसके एक दिन बाद संजू भी पकड़ा गया। पुलिस ने चोरी का लैपटॉप, उसके साथ अन्य सामान, पैन एवं आधार कार्ड, डेबिट और क्रेडिट कार्ड आदि बरामद किया है। अपराध में इस्तेमाल किया गया स्कूटर भी जब्त कर लिया गया है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | प्रत्येक मद के आधार पर वर्णित वांछित मदों की सूची अनुसार दो वर्षों के दर अनुबंध पर ग्लुकोमीटर, ग्लुकोस्ट्रिप्स और स्वतः अयोग्य लैंसट्स की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.11.2025 18.12.2025 | 3,79,42,272/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/40745/I/88/7 दि. 28.11.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में स्वच्छ जल की आपूर्ति हेतु बोरवेल की स्थापना + 7 कार्य। | 26.11.2025 03.12.2025 | 46,34,160/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/40/40718/I/88/7 दि. 28.11.25




## खबर संक्षेप

### उपचुनाव के दिन डीटीसी सुबह तीन बजे से 35 रूटों पर चलाएगी बस सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों पर रविवार को होने वाले उपचुनावों के चलते दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) चुनिंदा 35 रूटो पर सुबह 3 बजे से बस सेवाएं चलाएगी। जबकि मतगणना वाले दिन भी सुबह जल्द सेवाएं शुरू करेगी। इस बारे में डीटीसी के पीआर मैनेजर राकेश कुमार ने बताया कि निगम उपचुनाव -2025 के तहत 12 वार्डों पर उपचुनाव को लेकर तैयारियां की गई है। जिसके तहत रविवार 30 नवंबर 2025 को प्रात काल 3 बजे से चुनिंदा 35 रूटों पर बस सर्विस चलाएगी। यह तैयारी मतदान कार्य में ड्यूटी करने वालों को समय से मतदान केंद्र तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है। कुमार ने बताया कि इस स्पेशल सेवा के अलावा पहल से ही रूटीन में 28 रूटो पर रात्रि बस सेवाएं चल रही हैं।

### उपचुनाव के दिन सुबह चार बजे से चलेगी मेट्रो

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने कहा है कि निगम के 12 वार्डों में उपचुनावों के चलते 30 नवंबर 2025 रविवार को मेट्रो रेल सेवा प्रातः काल 4 बजे से शुरू होंगी। जबकि इसी प्रकार मतगणना वाले दिन यानी 3 दिसंबर 2025 को प्रातः काल 4 बजे से बस सेवाएं शुरू होंगी। डीएमआरसी के अनुसार यह अस्थायी फेरबदल 12 वार्डों में निगम उपचुनाव के दौरान पोलिंग कर्मचारियों और स्टाफ के आने जाने को आसान और समय पर पहुंचने के लिए किए गए है। डीएमआरसी ने बताया कि रविवार 30 नवंबर 2025 मतदान के दिन सभी टर्मिनल स्टेशनों से ट्रेन सर्विस सुबह 4 शुरू होंगी, जो हर 30 मिनट के अंतराल पर सुबह 6 बजे तक चलेंगी।

### दिल्ली में आज से शुरू हॉट एयर बैलून राइड

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आज शनिवार से राजधानी की पहली हॉट एयर बैलून राइड शुरू होने जा रही है। इसके मंगलवार को सफल ट्रायल के बाद अब अधिकृत रूप से विधिवत तरीके से जनता के लिए शुरू किया जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने शुक्रवार को जानकारी दी कि पहली बार दिल्ली में शुरू इस अनोखी पहल से राजधानी में इको-टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा। डीडीए के अनुसार इसकी औपचारिक शुरुआत सबसे पहले बांसेरा पार्क से शनिवार को होने जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में किया रोड शो

# जनता का उत्साह, भाजपा की प्रचंड विजय का संकेत : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की 12 सीटों पर 30 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग-बी, चांदनी चौक (वार्ड 74) और अशोक विहार (वार्ड 65) में आयोजित रोड शो में भाग लेकर जनता से भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि रोड शो के दौरान जनता का अपार स्नेह, विश्वास और अभूतपूर्व समर्थन दिखाई दिया, जिसने दिल्ली के आगामी नगर निगम चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न वार्डो में हुए रोड शो के दौरान जनता का जो उत्साह और समर्थन दिखा, वह सरकार द्वारा राजधानी के विकास के लिए हो रहे कार्यों पर विश्वास का प्रमाण है। बीते 8 महीनों में सड़क, सफाई, स्वास्थ्य एवं अन्य विकास परियोजनाओं की प्रगति ने लोगों के भरोसे को और मजबूत किया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि इस विकास यात्रा को अधिक प्रभावी, तेज़ और व्यापक बनाने के लिए 30 नवंबर को कमल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी शालीमार बाग से अनिता जैन, अशोक विहार से वीना असीजा और चांदनी चौक से सुमन कुमार गुप्ता को विजयी बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका भाजपा को दिया गया एक-एक वोट दिल्ली के विकास, आपकी सुविधाओं और आपके परिवार के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित होगा। यह केवल प्रतिनिधि चुनने का निर्णय नहीं बल्कि दिल्ली की दिशा तय करने का समय है। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रोड शो में क्षेत्रवासियों के जोश को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्साह स्पष्ट संकेत देता है कि दिल्ली की 12 में से 12 सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के हर चौक, हर गली और हर मोहल्ले में एक ही भावना दिखाई दे रही है कि भाजपा के लिए भरोसा, समर्थन और परिवर्तन की आकांक्षा। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प साफ है कि दिल्ली के हर नागरिक के लिए बेहतर भविष्य, बेहतर सुविधाएं और तेज गति से विकास कार्य।

### मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने भाजपा प्रत्याशी रोहिनी राज के समर्थन में किया रोड शो



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने प्रचार के आखिरी दिन वार्ड नंबर 164, दक्षिणीपुरी से भाजपा प्रत्याशी रोहिनी राज के समर्थन में रोड शो किए। रोड शो के दौरान मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि रोड शो में जिस तरह जनता का अभूतपूर्व उत्साह और आत्मीयता देखने को मिली, उसने यह स्पष्ट किया कि लोग पारदर्शिता, विकास और जवाबदेही की दिशा में एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने दक्षिणपुरी वार्ड के सभी मतदाताओं से विनम्र आग्रह है कि आगामी 30 तारीख को कमल का बटन दबाकर हमारी सरकार के विकसित दिल्ली के संकल्प को और अधिक मजबूती दें।

### पंकज ने उपचुनाव को लेकर की बैठक



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन अपने द्वारका बी वार्ड स्थित कैंप कार्यालय में नगर निगम उपचुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में सांसद कमलजीत सहरावत, विधायक प्रद्युम्न राजपूत, जिलाध्यक्ष राज शर्मा, लोकसभा विस्तारक योगेंद्र लाकड़ा, जिला प्रभारी राजकुमार फुलवरिया तथा चुनाव प्रभारी हिमांशु यादव उपस्थित रहे। बैठक में आगामी उपचुनाव की रणनीति तथा संगठनात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### बेगमपुर में सड़क, सीवर के अधूरे कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करें पूरे: इंद्राज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बवाना के बेगमपुर क्षेत्र में चल रहे सड़क, सीवर और समुदाय भवन के अधूरे कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किए जाएं। यह निर्देश शुक्रवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री और स्थानीय विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए।

गौरतलब है कि मंत्री इंद्राज सिंह ने शुक्रवार को उप महापौर एवं स्थानीय पार्षद जय भगवान यादव के साथ वार्ड-27 बेगमपुर में शुक्रवार को सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में पानी की लाइनों और सीवर लाइन नेटवर्क का विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेगमपुर में सड़क, सीवर, नालों, पुलिया और समुदाय भवन के अधूरे कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री इंद्राज ने कहा कि पिछली सरकार के समय हुए कार्यों में अनियमितताएं स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि या तो कई कार्य किए ही नहीं गए, और जो काम हुए, उनमें भ्रष्टाचार की गहरी परतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार के गड्ढे को भरने और जनता को राहत देने के लिए आज संबंधित अधिकारियों के साथ पूरे क्षेत्र का दौरा किया गया है। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने डीएसआईआईडीसी को बांके बिहारी रोड पर अधूरे पड़े सड़क एवं नाले के निर्माण कार्य को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए।

### निगम उपचुनाव में कांग्रेस ने की जनता से वोट की अपील



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी की सरकार और भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि उन्होंने स्वर्ग जैसी दिल्ली को नरक बनाकर रख दिया है। प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की तत्कालीन शीला दीक्षित सरकार ने 15 वर्षों के अपने बेहतरीन शासनकाल में राजधानी दिल्ली को विकसित और विश्वस्तरीय शहर बनाया था। लेकिन आद में सत्ता में आम आदमी पार्टी ने 12 वर्षों के अपने भ्रष्टाचारी शासन में स्वर्ग जैसी दिल्ली को नर्क बनाकर रख दिया। यही हाल वर्तमान करीब दस महीने से भाजपा सरकार कर रही है। इस अवसर पर यादव ने निगम उपचुनाव वाले वार्डों के मतदाताओं से आह्वान किया कि इस बार चूकना नहीं कांग्रेस को वोट देकर विकास को पुन चने। यादव ने कहा कि 30 नवंबर 2025 को उपचुनाव के तहत सभी 12 वार्डों में प्रचार के दौरान लोगों ने साफ कहा कि इस बार केवल कांग्रेस को वोट देना है। जनता अरविंद केजरीवाल और भाजपा से परेशान हो चुकी है। अब इनका विश्वास कांग्रेस पार्टी पर ही है, क्योंकि 15 साल में कांग्रेस ने दिल्ली को स्वर्ग बनाने में कोई नहीं छोड़ी। इस अवसर पर यादव के अलावा एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, एआई महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका लांबा, एआईसीसी एस.सी. विभाग के चेयरमैन राजेन्द्र पाल गौतम, एआईसीसी के सचिव एवं सह प्रभारी दानिश अबरार और एआईसीसी सचिव अभिषेक दत्त व कम्युनिकेशन विभाग दिल्ली के चेयरमैन अनिल भारद्वाज आदि मौजूद थे।

# आतिशी ने 'आप' उम्मीदवारों के समर्थन में किए रोड शो

### दिल्ली की जनता से की आप प्रत्याशियों को समर्थन देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक के साथ प्रचार के आखिरी दिन शुक्रवार को नारायणा वार्ड नंबर 139 और शालीमार बाग वार्ड नंबर 56 में रोड शो कर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा। आतिशी ने कहा कि लोगों के पास अरविंद केजरीवाल के काम की राजनीति को चुनने का सही मौका है। अरविंद केजरीवाल बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मुफ्त सुविधाएं देकर गरीबी हटाना चाहते हैं।

आतिशी ने कहा कि पांडव नगर से हमेशा से आम आदमी पार्टी को प्यार और आशीर्वाद मिलता रहा है। 2022 में दुर्गेश पाठक का चुनाव था, तब मैंने यहां की गलियां खुद घूमी है, हर घर देखा है। आज विश्वास नहीं हो रहा है कि यह वही गलियां हैं, सड़क है, यहां के पार्क भी बदल गए हैं। पहले यहां के पार्क में कूड़ा भरा रहता था। सड़के टूटी हुई रहती थी, लेकिन अब नजारा बदल गया है। यह आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के सिपाही की देन है। अगर एमसीडी उप चुनाव में यहां की जनता आम आदमी पार्टी को वोट देती है तो केजरीवाल के सिपाही दिनरात आपकी सेवा और क्षेत्र का विकास करेंगे, दिन रात सिर्फ आपके लिए काम करेंगे। आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग के वार्ड में हो रहे चुनाव को लेकर कहा कि लोग कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता ने यहां के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस बार के उप चुनाव में 12 के 12 सीट पर भाजपा को जनता हराएगी।

### 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग और वोटरों के लिए हाईटेक सुविधाएं लागू

# 'एमसीडी उपचुनाव 2025: दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों की सीटों पर कल, 30 नवंबर 2025 को मतदान होगा और राज्य निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ विजय देव ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि मतदान प्रक्रिया को आसान, सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए इस बार कई अत्याधुनिक उपाय लागू किए गए हैं। इधर, मतदान से 48 घंटे पहले आवश्यक "साइलेंस पीरियड" भी शुक्रवार शाम 5:30 बजे से प्रभावी हो गया है।

#### '100 प्रतिशत वेबकास्टिंग से कड़ी निगरानी'

आयोग ने सभी 580 पोलिंग स्टेशनों पर '100 प्रतिशत वेबकास्टिंग' लागू की है, ताकि मतदान प्रक्रिया की रियल टाइम निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को 'पोस्टल बैलेट' की सुविधा दी गई है। 85 वर्ष से ऊपर के वोटरों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पोलिंग स्टेशनों पर 'स्पेशल असिस्टेंस, व्हीलचेयर सपोर्ट और पिक-एंड-ड्रॉप सर्विस की सुविधा है।

#### 'निगम चुनाव दिल्ली' ऐप से रियल टाइम सुविधा'

निर्वाचन आयोग की आधिकारिक मोबाइल ऐप 'निगम चुनाव दिल्ली' से कई सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। जैसे रियल टाइम 'क्यू मैनेजमेंट सिस्टम', वोटर सर्च, उम्मीदवारों की जानकारी, दिव्यांग सुविधा विवरण, पोलिंग स्टेशन लोकेशन, आवश्यक संपर्क सूत्र, मतदान के बाद 'क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन फीडबैक' देने की सुविधा।



#### 'मॉडल, पिंक बूथ तैयार और सुरक्षा कड़ी'

हर वार्ड में एक मॉडल पोलिंग स्टेशन और एक 'पिंक बूथ' बनाया गया है, जहां मतदाताओं के लिए सुंदर, सुरक्षित और स्वागतपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। 143 स्थानों पर कुल '580 पोलिंग स्टेशन' बनाए गए। 2,320 पोलिंग स्टाफ तैनात, 20 प्रतिशत रिज़र्व मिलाकर कुल संख्या 2,784 स्टाफ की तैनाती की गई है। सुरक्षा के लिए 2,265 दिल्ली पुलिस कर्मी, 580 होमगार्ड और सीएपीएफ की 13 कंपनियां तैनाती के साथ ही 10 स्ट्रॉन्ग रूम-कम-काउंटिंग सेंटर तैयार किए गए हैं।

### 'डीयू : ईस्ट एशियन स्टडीज़ विभाग ने लॉन्च किया इंफॉर्मेशन ब्रोशर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के ईस्ट एशियन स्टडीज़ विभाग में शुक्रवार को ईस्ट एशियन स्टडीज़ लाइब्रेरी के नए 'ब्रोशर' का औपचारिक रूप से विमोचन किया गया। इसके बाद 'सेज रिसोर्सेज़ के साथ पूर्वी एशियाई इतिहास और कार्यप्रणाली की खोज' विषय पर सेज (एसएजीई) द्वारा एक विशेष वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन ईस्ट एशियन स्टडीज़ लाइब्रेरी में किया गया, जिसमें फैकल्टी सदस्यों, शोधार्थियों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष निशा द्वारा स्वागत संबोधन के साथ शुरू हुआ। उन्होंने विभागाध्यक्ष प्रो. रंजना मुखोपाध्याय को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. मुखोपाध्याय ने मुख्य अतिथि 'डॉ. राजेश सिंह', यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन, और विशिष्ट अतिथि प्रो. इंद्र नारायण सिंह, डीन, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स का स्वागत किया। सत्र का संचालन सेज की कस्टमर सक्सेस मैनेजर मिक्की मेहता अरोड़ा ने किया और छात्रों से संबंतिध विषयों पर चर्चा की। यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ. राजेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय की ई-लाइब्रेरी सुविधाओं एवं डिजिटल संसाधनों पर विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि प्रो. इंद्र नारायण सिंह ने शोध, पद्धतियों और उच्च शिक्षण प्रशासन पर अपने अनुभव साझा किए।

**खबर संक्षेप**

## ठगी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना की टीम ने सोशल मीडिया पर ऑनलाइन कपड़े खरीद के नाम पर ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी, उसने 1600 रुपए के कपड़े भेजने को कहा। पेमेंट करने के बाद जब उसने ऑर्डर ट्रैक आईडी मांगी तो उससे उससे विभिन्न चॉर्जेस के नाम पर कुल 17600 रुपए ऐंठ लिए और न ही कपड़े मिले और न ठगों ने उसके पैसे वापिस करे।

## ठगी मामले में खाता देने वाला धराया



**फरीदाबाद।** थाना सैंट्रल की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर धोखाधडी के मामले में बोबी तोमर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 21 जून को टेलिग्राम के माध्यम से ठगों ने उससे संपर्क किया और एक प्लेटफॉर्म पर होटलों की रेटिंग कर रोजाना 5-6 हजार पैसे कमाने का लालच दिया उसके पास एक लिंक भेज कर उसका पंजीकरण किया।

## हथियार उपलब्ध करवाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने वर्ष 2024 में एक वेटर की हत्या के मामले में हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 13 दिसंबर 2024 को सैनिक कॉलोनी में वेटर मुबारिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, मृतक के चाचा इमरान निवासी बड़खल की शिकायत पर थाना डबुआ में हत्या की धारा में मामला दर्ज किया था।

# नवाचार को बढ़ावा और विकास को गति देगा एनआईआरडीसी का ऐप: राज्य मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत सरकार के सूक्ष्म, लक्ष्य और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य नेशनल इंडस्ट्रीज रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल (एनआईआरडीसी) ने इंडऐप लॉन्च किया। जिसे एमएसएमईज के लिए व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है भारत का स्वदेशी रूप से विकसित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। इस एप्लिकेशन का शुभारंभ उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने किया। इस समारोह में एनआईआरडीसी के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

जिनमें रिटायर्ड आईएएस शंभू सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. ललित वर्मा, रिटायर्ड आईएएस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष; सुबीश पी. वासुदेव, राष्ट्रीय प्रशासक; डॉ. के.वी. प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय निदेशक, प्रशासन एवं स्थापना; मनोज, निदेशक, दक्षिणी क्षेत्र, तथा अन्य अधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने इस प्लेटफॉर्म के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा, कि एमएसएमई क्षेत्र जीडीपी, निर्यात और बड़े पैमाने पर रोजग़ार सृजन में अपने योगदान के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### भारतीय एमएसएमई के विकास के लिए एनआईआरडीसी ने किया ऐप




इंडऐप एक दूरदर्शी पहल है जो व्यावसायिक अवसरों तक आसान पहुँच, पारदर्शिता बढ़ाने और प्रक्रियाओं व स्वीकृतियों को सरल बनाकर इस क्षेत्र के विकास में सहायक है। यह प्लेटफॉर्म उद्यमियों को नवाचार को बढ़ावा देने, विकास को गति देने और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार लाने में सहायता करके इस पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करेगा। विभिन्न क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए इंडऐप को सात अन्य केंद्रीय मंत्रालयों के सहयोग से विकसित किया गया है। जिनमें खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय; मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय; कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय; वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय; और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय शामिल हैं।

### औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा

एनआईआरडीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शंभू सिंह ने कहा कि इंडऐप अपनी तरह का एक अनूठा मंच है जो पूरे भारत में उद्यमियों के लिए अंतर-मंत्रालयी, समन्वय और बहु-क्षेत्रीय सुविधा प्रदान करता है। यह जमीनी स्तर पर औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के एनआईआरडीसी के मिशन को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इनोवेशन को इंटेलिजेंस के साथ जोड़कर, इंडऐप समावेशी, सुरक्षित और सतत विकास की ओर भारत की यात्रा में खुद को अग्रणी स्थान पर रखता है।

मंत्री गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा ने फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्री संपर्क अभियान चलाकर स्वदेशी का संदेश दिया

# पीएम मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत ने स्वदेशी को दिया वैश्विक आयाम : कृष्णपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी एक जन आंदोलन बन चुका है, जिसने भारत को नई वैश्विक पहचान दी है। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि विकसित भारत का आधार बन चुका है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ही सुरक्षा है। यदि उद्योग मजबूत होंगे, किसान और श्रमिक सशक्त होंगे तो देश विश्व में महाशक्ति बनकर उभरेगा। स्वदेशी का अर्थ केवल कपड़ा या घरेलु उत्पाद ही नहीं, बल्कि यह आज ब्रह्मोस मिसाइल से लेकर सेमीकंडक्टर, मोबाइल चिप, शिप बिल्डिंग, स्टार्टअप नवाचार और डिजिटल टेक्नोलॉजी तक विस्तृत हो चुका है। आज भारत लो-कॉस्ट व हाई क्वालिटी उत्पादन का वैश्विक केंद्र बन रहा है। गुर्जर ने कहा कि स्वदेशी अपनाना भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ संस्कृति को भी सशक्त करता है। योग, आयुर्वेद, हथकरघा, हस्तशिल्प, कृषि आधारित उद्योग और परंपरागत भारतीय उत्पादन विश्वभर में भारत की पहचान को मजबूत करते हैं। यदि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है, तो हमें अपने घरों, बाजारों और जीवनशैली में स्वदेशी उत्पादों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के नेतृत्व में फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्री संपर्क अभियान चलाया और स्वदेशी अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर बड़खल से विधायक धनेश अदलखा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और फरीदाबाद की महापौर प्रवीण जोशी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। गुर्जर और उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया और यात्रियों से संवाद कर स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया।

*स्वदेशी संकल्प केवल एक नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत की मजबूत नींव है*




### स्वदेशी अपनाना आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग है: धनेश अदलखा

बड़खल के विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी मोदी के 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का मूल मंत्र है। भारत तभी पूर्ण स्वतंत्रता का अर्थ समझ पाएगा, जब वह आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के पथ पर आगे बढ़ेगा। अदलखा ने उपस्थित सभी नागरिकों से अपील की कि वे दैनिक उपयोग की हर वस्तु में भारतीय उत्पादन को प्राथमिकता दें और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

### स्वदेशी ही विकसित भारत का मार्ग: पंकज पूजन रामपाल

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि स्वदेशी ही विकसित भारत का मार्ग है। जब देश अपने उद्योगों, तकनीक और कौशल को अपनाता है, तब वह केवल आत्मनिर्भर ही नहीं बनताए बल्कि दुनिया को भी अपनी शक्ति दिखाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि स्वदेशी उत्पाद कम कीमत में अधिक शक्ति प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राज वोहरा, जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी, शोभित अरोड़ा, पूर्व महापौर एवं पार्षद सुमन बाला, आत्मनिर्भर भारत की जिला संयोजक सीमा भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अरूआ, पंकज सिंगला, मुकेश शर्मा, भारती भाकुनी, हरेंद्र भड़ाना, जिला सचिव मनीष छोंकर, गिरिराज त्यागी, पुनीत झा, तरनजीत सिंह, कार्यालय सचिव राज मदान, शिवम रतन, मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा, राजेश चौधरी, सुधीर मेहता, कर्मवीर बैंसला, हरीश बैंसला, शुभांकित, शिव गुप्ता, शेखर तंवर, जैनब नकवी, संदीप कौर सहित काफी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

6/4 प्रतिशत मॉडल के आधार पर ड्रॉ सफलतापूर्वक संपन्न

# जीडीए ने निभाया वादा, 275 किसानों को आवासीय विकसित भूखण्डों का आवंटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए की मधुबन बापूधाम आवासीय योजना से जुड़े भूमि अधिग्रहण मामलों में प्रभावित किसानों को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में शुक्रवार को एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। लगभग 800 एकड़ भूमि के अधिग्रहण से प्रभावित किसानों द्वारा अर्जित भूमि के सापेक्ष 6/4 प्रतिशत आवासीय विकसित भूखण्डों के आवंटन के लिए वर्ष 2010 (योजना संख्या–791) एवं वर्ष 2013 (योजना संख्या–828) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए आरक्षित भूखण्डों का नम्बरिंग ड्रॉ शुक्रवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर में हुआ।

यह ड्रॉ अपर सचिव महोदय की अध्यक्षता में विशेषकार्याधिकारी, संयुक्त सचिव एवं बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। ड्रॉ के माध्यम से भूमि अधिग्रहण से प्रभावित अवशेष 275 किसानों को 150 वर्ग मीटर से 2382 वर्ग मीटर तक के विकसित आवासीय भूखण्डों का आवंटन किया गया।

ड्रॉ प्रक्रिया के दौरान 150 वर्ग मीटर आकार के 49 भूखण्ड, 200 वर्ग मीटर के 64, 300 वर्ग मीटर के 62, 352 वर्ग मीटर के 26, 405 वर्ग मीटर के 10, 450 वर्ग मीटर के 06, 498 वर्ग मीटर के 08, 551 वर्ग मीटर के 07 तथा 595 व 650 वर्ग मीटर आकार के 06-06 भूखण्ड आवंटित किए गए। इसके अतिरिक्त 650 से 943 वर्ग मीटर एवं 943 से 2382 वर्ग मीटर के 01-01 भूखण्ड भी ड्रॉ के माध्यम से आवंटित किए गए। इस सफल आवंटन के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने किसानों के हितों की सुरक्षा एवं पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। प्राधिकरण द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल विकास कार्यों को गति प्रदान करेगा, बल्कि किसानों के विश्वास और संतुष्टि को भी मजबूत करेगा।

एनआईए की टीम फिर अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची

# डॉ. शाहीन से पूछताछ जारी, देश विरोधी गतिविधियों का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईए की टीम फिर गुरुवार रात को डॉ. शाहीन को लेकर अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची। यूनिवर्सिटी में शाहीन के संपर्क में आने वाले सभी लोगों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। इसके बाद टीम शाहीन को खोरी जमालपुर गांव भी लेकर गई, जहां पर वह डॉक्टर मुजम्मिल से निकाह के बाद तीन बेडरूम वाले मकान में रही थी।

यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर भूपेंद्र कौर से भी शाहीन के सामने पूछताछ हुई। करीब चार घंटे तक शाहीन को और भी कई जगह ले जाया गया। इसके बाद टीम शाहीन को वापस दिल्ली ले आई।

ननि ने इंदिरापुरम में हटाए तंदूर, गंदगी फैलाने वालों पर किया चालान

# वायु प्रदूषण को कम करने हेतु व्यापारी वर्ग तथा दुकानदार करें सहयोग: नगर आयुक्त

### माँदड़ बोले- हर किसी को होती है जागरूकता, जानकारी व सहायता की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर निगम जहां लगातार वायु गुणवत्ता सुधार के लिए पानी छिड़काव और धूल मुक्त अभियान चला रहा है। वही सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदूषण फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई कर रहा है । जिसमें गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई भी की गई है, वसुंधरा जोन अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक के इस्तेमाल करने, गंदगी फैलाने तथा अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई है । जिसके लिए जुर्माना भी वसूला गया है लगभग 229000 का जुर्माना वसूला गया। अवैध रूप से चल रहे वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले उपकरणों को बंद कराया गया, तथा अवैध भट्टी व तंदूर को भी जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। मौके पर जोनल प्रभारी वसुंधरा एसके राय, स्वास्थ्य विभाग से सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर अशोक व अन्य टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि शुक्रवार को गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में महा अभियान के रूप में वायु गुणवत्ता सुधार का कार्य कराया जा रहा है। ऐसे में एकजुट होकर वायु प्रदूषण रोकने के लिए विभाग निरंतर कार्य कर रहे हैं दुकानदार तथा व्यापारियों से भी नगर आयुक्त द्वारा वायु प्रदूषण कम करने के लिए चल रहे अभियान में सहयोग हेतु अपील की जा रही है। इंदिरापुरम क्षेत्र में शक्ति खंड,अहिंसाखंड व अन्य क्षेत्र में भी सख्त कार्रवाई की गई नवंबर माह में लगभग 7 लाख से अधिक जुर्माना वसुंधरा जोन अंतर्गत अभियान के दौरान वसूला गया।

शहर वासियों को भी बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए अपने-अपने घरों तथा प्रतिष्ठानों के आसपास नियमित पानी छिड़काव करने के लिए, गंदगी न फैलाने, अनावश्यक धुआं न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

ऑपरेशन ट्रैकडाउन: 23 दिनों में 138 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

# 20 देसी कट्टा, 38 जिंदा कारतूस, 4 पिस्टल, 1 चाकू, 32.63 ग्राम स्मैक, हीरोइन, 14 किलो 600 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देश पर हरियाणा पुलिस द्वारा 5 नवंबर से ऑपरेशन ट्रैकडाउन चलाया गया। जिसके अंतर्गत गंभीर अपराध जैसे हत्या, लूट, स्नैचिंग, एनडीपीएस, शस्त्र अधिनियम के मामलों में कार्यवाही करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने पिछले 23 दिनों में ऐसे 138 गंभीर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गंभीर प्रवृत्ति के अपराधियों पर प्रहार करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा 5 नवंबर से ऑपरेशन ट्रैकडाउन चलाया गया। ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए फरीदाबाद पुलिस के सभी थाना, चौकी व अपराध शाखाओं को गंभीर अपराधियों की गिरफ्तारी के टारगेट दिए गए। जिस पर कार्यवाही करते हुए पिछले 23 दिनों में फरीदाबाद पुलिस ने गंभीर प्रवृत्ति के 138 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान 46 अपराधियों की हिस्ट्री सीट खोली गई है, जिन पर लगातार निगरानी जारी रहेगी। इस अवधि के अन्य मामलों में 539 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं।



## हिमांशु भाटिया की हत्या के मामले में साथी ही निकला षडयंत्रकारी, किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टाउन नंबर-1, एनआईटी में हिमांशु भाटिया की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने मृतक के दोस्त इक्षित को गिरफ्तार किया है। वह हिमांशु की हत्या करवाने का सूत्रधार था। पुलिस ने बताया कि 24-25 नवंबर की रात को टाउन न.1 में हिमांशु भाटिया उम्र 27 साल की भरतवासी ब्लॉक सीए टाउन नंबर 1 द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना बारे पिता रवि भाटिया की शिकायत पर थाना कोतवाली में हत्या की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ विजय पुत्र** प्रेम सिंहपुर, **निवासी** घूकना मोड़, थाना–नंद ग्राम, गाजियाबाद (उ.प्र.), **यहां भी:** घूकना रोड, मेरठ, देसी शराब ठेके के पास, थाना–सिहानी गेट, जिला–गाजियाबाद (उ.प्र.), ने **CR No.-8176/2016 & FIR No. 238/2012, U/S 379/356/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन कृष्णा नगर, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ विजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ विजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CR No.-8176/2016 & FIR No. 238/2012, U/S 379/356/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन कृष्णा नगर, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ विजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, पूर्वी जिला, कमरा नं0–03, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15996/SHD/2025 (Court Matter)



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में विभिन्न स्थानों पर सीसीएमएस पैनल सहित एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | बंद होने की तिथि 10.12.2025 | 2,48,76,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40725/I/88/7 दि. 28.11.25



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिजेंद्र उर्फ मदन, पुत्रः स्वर्गीय राम प्रकाश, निवासीः झुग्गी नंबर – डी–93, श्याम नगर, तिलक नगर, दिल्ली** ने **FIR No.: 471/2020, U/s: 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बिजेंद्र उर्फ मदन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बिजेंद्र उर्फ मदन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **बिजेंद्र उर्फ मदन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विकास मदन
जेएमएफसी–07, पश्चिम, कमरा संख्या 289, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15796/WD/2025



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | न्यायालय परिसर कैथल में 2 अदद कोर्ट रूम हेतु अस्थायी संरचना का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.12.2025 | 68.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | न्यायालय परिसर गुरूग्राम की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 09.12.2025 | 139.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी गांव बैलोपुर खण्ड नारायणगढ़ में वाल्मिकी चौपाल के साथ शैड का निर्माण। | 26.11.2025 02.12.2025 | 3.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई सिरसा | पाना माइनर के आरडी 34500 से 48896 टेल तक डेसू सेक्शन (डबवाली ब्लॉक-रबी 2025-26) की आंतरिक और बाह्य सफाई और गाद निकालने + 1 कार्य हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 02.12.2025 | 1,98,107/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666235426 btech.sulekha@gmail.com |
| 5 | सिंचाई फतेहाबाद | खेड़ी डिस्टी. 69000-157000 की सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.12.2025 | 13,35,796/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 6 | खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्रालय, हरियाणा | मण्डीवार श्रम और कार्टेज हरियाणा राज्य की जिला स्तरीय, परिवहन मण्डीवार निविदा जिला स्तरीय हरियाणा राज्य में। | 01.12.2025 08.12.2025 | - | https://haryanafood.gov.in | 8427441122 somp.food1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | मिर्जापुर माजरा से मिर्जापुर काठ तक गांव मिर्जापुर काठ ब्लॉक नारायणगढ़ में आरसीसी पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्क्रिशनरी ग्रांट। | 26.11.2025 02.12.2025 | 21.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम हरियाणा में नये न्यायिक कम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में सहायक उपकरणों के साथ अग्नि पम्पों की स्थापना। | बंद होने की तिथि 09.12.2025 | 82.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम हरियाणा में नये न्यायिक कम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में कोर्ट रूम्स और चेम्बर में वॉल पैनलिंग, स्टोरेज यूनिट और अन्य सहायक उपकरणों सहित आंतरिक लकड़ी कार्य हेतु। | बंद होने की तिथि 09.12.2025 | 623.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई सिरसा | नाथोर माइनर आरडी 0 से 41260-टेल तक की आंतरिक सफाई + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.12.2025 | 2.78 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/200/40726/I/88/7 दि. 28.11.25

# 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे पर दिसंबर में ट्रायल रन, जनवरी 2026 में होगा उद्घाटन

उत्तर प्रदेश के गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण अंतिम चरण में है और 95% कार्य पूरा हो चुका है। दिसंबर में ट्रायल रन और जनवरी 2026 के मध्य में उद्घाटन किए जाने की संभावना है। एक्सप्रेसवे को हरिद्वार तक बढ़ाया जा रहा है और फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे इसे कई बड़े हाईवे से जोड़ेगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे 594 किलोमीटर वाले गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन नए साल में होगा। मेरठ से प्रयागराज तक जाने वाले गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य 97 फीसदी पूरा हो गया है जबकि मुख्य कैरिज वे पूरी तरह से बन चुका है। अगले महीने इस एक्सप्रेस वे का ट्रायल रन किया जाएगा। गंगा एक्सप्रेस वे के दोनो किनारों पर औद्योगिक गलियारों के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण का काम तेजी से चल रहा है।

**प्रधानमंत्री कर सकते हैं इसका उद्घाटन**

## गंगा एक्सप्रेस वे में है 6 लेन, मेरठ से प्रयागराज 6 घंटे में पहुंचेगे



गंगा एक्सप्रेस वे के चालू हो जाने के बाद मेरठ से प्रयागराज की दूरी महज 6 घंटे में पूरी की जा सकेगी। गंगा एक्सप्रेस वे को छह लेन का बनाया गया है जिसका विस्तार कर इसे आठ लेन का किया जा सकता है। इस पर आपात स्थिति में लड़ाकू विमानों के उतरने के लिए हवाई पट्टी भी बनाई गई है। कुल 594 किमी के इस एक्सप्रेस वे में चार स्थानों पर लड़ाकू विमानों के उतरने के लिए हवाई पट्टी बनाई जा रही है जिसमें शाहजहांपुर के जलालाबाद में 3.5 किमी लंबी पट्टी तैयार कर दी गई है। एक्सप्रेस वे पर वाहनों की रफ्तार की सीमा 120 किमी प्रति घंटे रखी जाएगी।

## पश्चिमी यूपी को जोड़ेगा फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस वे

इस एक्सप्रेस वे को पश्चिमी यूपी के अन्य जिलों से जोड़ने के लिए 91 किमी लंबा फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस वे भी बनाया जा रहा है। इस 90.838 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण होने से ये सभी जनपद आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे और प्रयागराज से मेरठ गंगा एक्सप्रेस वे से सीधा जुड़ जाएंगे। गंगा एक्सप्रेसवे को आगरा एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद से शाहजहांपुर और हरदोई से जुड़ेगा। कन्नौज और मैनपुरी के बीच यह लिंक एक्सप्रेस-वे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जुड़ जाएगा। इस एक्सप्रेस की लागत 36,230 करोड़ रुपए हैं और इसके लिए 7,453.13 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इस एक्सप्रेस वे का विस्तार हरिद्वार तक भी किया जा रहा है।

### गंगा एक्सप्रेस वे से उद्योगों को मिलेगी रफ्तार

औद्योगिक विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस वे के चालु हो जाने से मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ व प्रयागराज में उद्योगों को रफ्तार मिलेगी। एक्सप्रेस वे के दोनो तरफ बन रहे औद्योगिक गलियारे को उद्योगों के साथ ही लॉजिस्टिक कंपनियों व शैक्षिक संस्थाओं को आवंटित की जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंदी की आत्महत्या के मामले में बड़ा एक्शन

**लखीमपुर खीरी।** जिला जेल में बंदी की आत्महत्या करने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। अफसरों ने



धौरहरा इंस्पेक्टर और तीन सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया है। परिजनों का आरोप था कि हत्या के केस में झूठा फंसाया गया था। पुलिस ने तीन दिन तक अवैध हिरासत में रखा। परिजनों का आरोप है कि पांच लाख रुपए मांगे थे। परिजनों के आरोपों पर एसपी ने कोतवाली प्रभारी व तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया है।

### बीएलओ परिवार को दें 1 करोड़ रुपए: राय

**देवरिया।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शुक्रवार को देवरिया के रुद्रपुर क्षेत्र के माझा नरायन गांव के



मनियापुरा टोला पहुंचे। यहां उन्होंने मृतक बीएलओ रंजू देवी के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान बीएलओ के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि एसआईआर फार्म कर्मचारियों को मानसिक तनाव दे रहा है।

### अब जल्द हो सकता है फैसला

# यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर तेज हुई प्रक्रिया

निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल जनवरी 2024 में समाप्त हो गया

यूपी भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन लंबे समय से लंबित है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों और 2026 के पंचायत चुनावों से पहले इस मोर्चे पर चर्चा तेज हो गई है। सपा के पीडीए फॉर्मूले का मुकाबला करने के लिए भाजपा विभिन्न कारकों पर विचार कर रही है। जातिगत समीकरण को बेहतर बना रही है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा में उत्तर प्रदेश के नए अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया तेज हो गई है। पार्टी ने बुधवार को ही 14 और ज़िला अध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। यूपी में नए प्रदेश अध्यक्ष का चयन लंबे समय से लंबित है। 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों और 2026 के पंचायत चुनावों से पहले अब इस पर चर्चा तेज़ हो गई है। भाजपा, समाजवादी पार्टी के पीडीए फॉर्मूले का मुकाबला करने के लिए विभिन्न कारकों पर विचार कर रही है और जातिगत समीकरणों को बेहतर बना रही है।

निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल जनवरी 2024 में समाप्त हो गया है। इस पद के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं के नाम चर्चा में हैं, जिनमें राज्य के दो उप-मुख्यमंत्रियों में से एक का नाम भी शामिल है। हालांकि प्रमुख



दावेदारों के पास संगठनात्मक अनुभव का लंबा अनुभव है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पार्टी के प्रदेश महासचिव (संगठन) धर्मपाल सिंह से निकटता भी नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन में एक और कारक होगी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बाजपेयी ने कहा, 'जल्द ही, प्रदेश भाजपा को अपना नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। नियुक्ति में अब और देरी नहीं होगी।'

14 नए ज़िला अध्यक्षों के चयन के बाद, इस स्तर पर नियुक्तियों की कुल संख्या 84 हो गई है। चौदह संगठनात्मक

### जातिगत समीकरण का मुकाबला करने भाजपा के ज़िला अध्यक्षों की सूची में भी ओबीसी ज़्यादा

चुनाव जीताने में भाजपा के सामाजिक समीकरणों का बड़ा योगदान रहा। उत्तर प्रदेश में लगातार चार चुनावी जीतों (2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों और 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों) में भाजपा के सामाजिक समीकरणों का भी बड़ा योगदान रहा है।
पार्टी अपनी जातीय छतरी, जिसमें मोटे तौर पर ग़ैर-जाटव दलित, ग़ैर-यादव ओबीसी और उच्च जातियां शामिल हैं, को बरकरार रखने में सफल रही। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनावों में, सपा का पीडीए का नारा ओबीसी और दलितों के एक बड़े हिस्से को अपने पाले में लाने में कामयाब रहा।

### योगी सरकार का बड़ा फैसला

## अब आधार कार्ड से जन्म तिथि साबित नहीं होगी

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आधार कार्ड से जुड़े नियम को बदल दिया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि अब आधार कार्ड को जन्म प्रमाण पत्र या जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में नियोजन विभाग ने सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं। नियोजन विभाग के विशेष सचिव अमित सिंह बंसल ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड में जन्म तिथि का कोई प्रमाणित दस्तावेज संलग्न नहीं होता। इस लिए इसे जन्म तिथि प्रमाण पत्र के रूप में नहीं माना जा सकता है। इस संबंध में यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के उप निदेशक ने सरकार को पत्र लिखा था। इस पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि आधार कार्ड जन्म तिथि का अनुमन्य प्रमाण नहीं है। आधार सिर्फ पहचान व सत्यापन का साधन है। जन्म तिथि सत्यापन का यह प्रमाण नहीं है। नियोजन विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव व मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि आधार कार्ड को जन्म तिथि के सत्यापन के लिए अन्य वैध दस्तावेजों को ही मान्य करें। सरकारी भर्तियों, पेंशन, छात्रवृत्ति, प्रमाणीकरण और अन्य कामों में अभी तक कई विभाग आधार कार्ड को उम्र साबित करने के लिए स्वीकार कर रहे थे, जो अब नियमों के खिलाफ माना जाएगा।

### माफिया की खैर नहीं! 1200 की नई सूची बनी

# सम्राट चौधरी बोले- संपत्ति जब्त होगी, जेल भी जाएंगे

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में माफिया सिंडिकेट की कमर तोड़ने का पूरी तैयारी कर ली गई है। नीतीश सरकार के नए गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने खुले मंच से ऐलान कर दिया है कि राज्य में तीन तरह के माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। जिसमें जमीन माफिया, शराब माफिया और बालू माफिया शामिल है। सम्राट ने कहा कि अभी तक 400 माफिया को चिह्नित किया जा चुका है। 1200 की नई सूची भी बन गई है। कोर्ट से आदेश लेकर ऐसे लोगों को पस्त करूंगा और जेल में डालने का काम करेंगे। ये बातें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के कुम्हरार विधानसभा में आयोजित भव्य और विशाल 'कार्यकर्ता सम्मान समारोह' में कही। साथ ही एनडीए की प्रचंड विजय के लिए कार्यकर्ताओं का आभार तथा उन्हें धन्यवाद देते हुए अभिनंदन किया।



### प्रदेश में कानून व्यवस्था और सख्त की जाएगी

सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था और सख्त की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इससे पहले गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालने के दौरान भी डिप्टी सीएम ने कहा था कि राज्य में संगठित अपराध से जुड़े माफिया के खिलाफ पुलिस सख्त रहेगी। इनमें बालू, शराब से लेकर जमीन माफिया तक शामिल हैं। ऐसे 400 माफियाओं को चिह्नित कर लिया गया है, जिनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। इनमें न्यायालय से दो पर कार्रवाई की मंजूरी भी मिल चुकी है।

### सोशल मीडिया पर गाली बर्दाश्त नहीं

इसके अलावा सोशल मीडिया पर गाली-गलौज अब बर्दाश्त नहीं होगी। ऐसे किसी भी शख्स पर बिहार पुलिस कार्रवाई करेगी। सुशासन, माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई और स्पीडी ट्रायल को अपनी तीन मुख्य प्राथमिकताएं बताई। जेल के अंदर से होने वाले अपराधों को लेकर भी सरकार गंभीर है। जेल में कैदियों के खाने को लेकर बेहतर सरकारी व्यवस्था है। ऐसे में बाहर से खाना ले जाने पर रोक लगेगी। डॉक्टर की सहमति पर ही इसकी मंजूरी मिलेगी। पता लगाया जाएगा कि जेल के अंदर कैसे मोबाइल पहुंच रहा है। एंटी रोमियो स्क्वायड खास कर स्कूल-कॉलेज खुलने और बंद होने के समय ऐसे तत्वों पर नजर रखेगा और कड़ी कार्रवाई करेगा।

## पेज एक का शेष

### यह अयोध्या की मूर्ति...

इस प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद वर्षगांठ समारोह में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत ऐतिहासिक अवसर है। बीते 550 वर्षों में इस संस्था ने समय के कितने ही चक्रवात झेले। युग बदला, दौर बदला, देश और समाज में कई परिवर्तन हुए लेकिन बदलते युगों और चुनौतियों के बीच भी इस मठ ने अपनी दिशा नहीं खोई। यह मठ लोगों को दिशा देने वाला केंद्र बनकर उभरा। पीएम मोदी ने कहा कि जब कोई संस्था सत्य और सेवा पर खड़ी होती है तो समय के बदलाव से डगमगाती नहीं बल्कि समाज को टिके रहने की शक्ति देती है। आज इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह मठ एक नया अध्याय लिख रहा है। यहां भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। पीएम मोदी ने बताया कि आज इस मठ के साथ जो नए आयाम जुड़े हैं, वो आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान, सेवा और साधना के स्थायी केंद्र बनने जा रहे हैं। यहां बन रहे संग्रहालय के जरिए यह मठ अपनी परंपरा को संरक्षित कर रहा है। नई पीढ़ी के लोगों को अपने से जोड़ रहा है।

### रायपुर में जुटेंगे देश भर के...

डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) व पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्तर के अधिकारी भी सम्मेलन में शिरकत कर सीधे प्रधानमंत्री से दिशा निर्देश ले सकेंगे।

### ग्लोबल साउथ का...

एक सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत का लक्ष्य एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है। जो अंतरराष्ट्रीय शांति और मानव कल्याण को मजबूत करे।

### उद्देश्य की स्पष्टता...

के भीतर बल्कि दुनिया में हमारे मित्र राष्ट्रों के बीच भी विश्वास का निर्माण करती है। इसलिए बलों में सुधार और आधुनिकीकरण केवल प्रशासनिक कार्य नहीं है। ये भारत के दीर्घकालिक भविष्य में निवेश के समान है

### चार दिसंबर से भारत की ...

व्यापक रूप से विचार-विमर्श करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उनका स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज आयोजित करेंगी। यह शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच होने वाला एक वार्षिक आयोजन है। जिसकी अब तक कुल 22 बैठकें हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल 2024 में इसी महत्वपूर्ण वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस की यात्रा की थी। वहीं, रूस के राष्ट्रपति इस संबंध में 2021 में भारत की यात्रा कर चुके हैं। रूस के राष्ट्रपति भवन कार्यालय के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा बेहद महत्वपूर्ण रहेगी। क्योंकि ये दोनों पक्षों को विशिष्ट सामरिक साझेदारी से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा करने का एक अवसर प्रदान करेगी।

### यूक्रेन विवाद पर...

बैठकर संवाद स्थापित करना पड़ेगा। भारत, रूस-यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करने के लिए जारी सभी प्रयासों का समर्थन करता है। यहां ये भी स्पष्ट कर दें कि यह मुद्दा वर्तमान में भारत के लिए काफी अहमियत रखता है। क्योंकि इसे लेकर अमेरिका सहित यूरोपीय संघ (ईयू) के देश भारत पर रूस का विरोध करने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। अमेरिका ने रूस से जारी कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की खरीद पर रोक लगाने के लिए 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें 25 फीसदी भाग दंडात्मक टैरिफ का है। ईयू भी अमेरिका के इस फैसले के समर्थन में है।

### भारत को मिलेंगी...

एके-203 राइफलों के तीव्र उत्पादन, ब्रह्मोस मिसाइल सहित अन्य रक्षा उपकरणों के सह-उत्पादन और विकास जैसे लंबित पड़े हुए रक्षा संबंधी मुद्दे भी शामिल किए जा सकते हैं।

**एस-400 पर नहीं होगी कोई घोषणाः सिंह :** उधर, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 28 नवंबर को एक निजी न्यूज एजेंसी के कार्यक्रम के दौरान कहा कि रूस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के संबंध में एस-400 के मुद्दे को खारिज तो नहीं किया जा सकता है। लेकिन पुतिन की यात्रा के दौरान इसे लेकर कोई समझौता होने की संभावना फिलहाल नहीं है। भारतीय रक्षा पक्ष का जोर प्राथमिक रूप से लंबित पड़े हुए समझौतों को गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने पर रहेगा। इनमें सुखोई-30 एमकेआई विमान का मामला भी शामिल है। हम कोशिश करेंगे कि परियोजनाओं से जुड़ी देरी का ये सिलसिला समाप्त हो जाए और हमें इनकी डिलीवरी के संबंध में एक स्पष्ट जवाब रूसी पक्ष से तरफ से मिल सके। सिंह ने कहा, मैं चुनिंदा रक्षा परियोजनाओं पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। कैबिनेट में हुए निर्णयों के तहत ये जरूरी है। इसलिए मैं विशेष परियोजनाओं पर कुछ नहीं बोलूंगा। लेकिन यह भी स्पष्ट है कि हमारा रूस के साथ एक बड़ा रक्षा कार्यक्रम है, जिसमें वर्तमान में लंबित पड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

### संसद का शीतकालीन...

लिए सर्वदलीय बैठक में दिखेगा। सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों के अनुसार, सत्र की शुरुआत में ही सरकार सभी दलों के साथ प्रस्तावित चर्चा पर विमर्श करेगी। रविवार को सर्वदलीय बैठक में इस विषय को आधिकारिक रूप से उठाया जाएगा। यह बहस राष्ट्रगीत से जुड़े 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षव्यापी कार्यक्रमों का हिस्सा होगी।

**पीएम ने किया था कांग्रेस पर तीखा प्रहारः** विदित हो कि दिल्ली के प्रगति मैदान में 'वंदे मातरम' की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस "विभाजन के बीज बोने वाले" 1937 के उस गीत के अंशों को महत्व देती है, जिन्हें राष्ट्रगान की मान्यता नहीं मिली थी। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार करते हुए कहा था कि भाजपा और आरएसएस ने हमेशा 'वंदे मातरम' के वास्तविक राष्ट्रीय स्वरूप को कमतर आंका है, जबकि इसे स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरक गीत माना गया।

**एसआईआर के साथ कई विषयों पर होगी बहसः** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दो टूक कहा, "अगर एसआईआर पर चर्चा होनी है तो विषय का दायरा बढ़ाना होगा। हम इसे व्यापक सुधार के रूप में भी देख सकते हैं।" उन्होंने संकेत दिया कि सरकार उच्च शिक्षा, राष्ट्रीय राजमार्ग, परमाणु ऊर्जा, बीमा और चुनाव संबंधी सुधारों पर विपक्ष से संवाद कर विधायी कार्य निपटाने की भरसक कोशिश करेंगे। पंजाब में राजनीतिक प्रतिक्रिया को देखते हुए, केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि वह चंडीगढ़ के लिए अलग उपराज्यपाल नियुक्त करने वाला 131वाँ संविधान संशोधन विधेयक, 2025 फिलहाल आगे नहीं बढ़ाएगी। संसदीय सत्र के दौरान जिन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है, उनमें शामिल हैं, इंश्योरेंस लॉज (संशोधन) विधेयक, न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में निजी भागीदारी से जुड़े बदलाव, उच्च शिक्षा आयोग संबंधी विधेयक और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिग्रहण से संबंधित प्रावधान।

### कोटा बना देश ...

को समाधान से ज्यादा बाधा में बदल दिया है। यही कारण है कि अब कई नगर नियोजक यह सवाल उठाने लगे हैं कि क्या भविष्य के शहरों को सिग्नल-फ्री होना चाहिए? राजस्थान के कोटा ने इस सवाल का जवाब देते हुए देश में एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। शहर का सड़क ढांचा इस तरह से पुनर्निर्मित किया गया है कि वाहनों की आवाजाही बिना रुकावट लगातार चल सके। इसी पुनर्संरचना के कारण कोटा इस महीने भारत का पहला ट्रैफिक-लाइट मुक्त शहर बन गया। यह बदलाव अर्बन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट, कोटा के नेतृत्व में हुआ, जिसे 1959 के राजस्थान अर्बन इम्प्रूवमेंट एक्ट के तहत शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था।

**कैसे कोटा बना सिग्नल-फ्रीः** कोटा की नई यातायात प्रणाली का आधार ग्रेड-सेपरेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर है। यानी जहां ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत हो सकती थी, वहां फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए हैं। महत्वपूर्ण चौराहों पर फ्लाईओवर व अंडरपास, शहर के भीतर से ट्रैफिक हटाने के लिए रिंग रोड, स्मूद मूवमेंट के लिए राउंडअबाउट और वन-वे मार्ग, स्पष्ट साइनबोर्ड, लेन मार्किंग और अनुशासन आधारित ड्राइविंग, भीड़भाड़ के समय पैदल यात्रियों के लिए स्वयंसेवकों व पुलिस की मदद इन सुधारों से यात्रियों को अल्प समय में यात्रा, कम ईंधन खर्च और दुर्घटनाओं में कमी जैसे लाभ मिल रहे हैं।

### बुलेट ट्रेन की...

के आठ प्रतिशत से ऊपर निकलने की वजह द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन था। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में द्वितीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रही है।

### पीएफसीई में...

में बताया गया कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में निर्यात 5.6 प्रतिशत बढ़ा है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में आयात में 12.8 प्रतिशत की बढ़त हुई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में एक प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

**मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ से 'आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री-संपर्क अभियान' की शुरुआत की**

# विकसित भारत 2047 का मार्ग 'वोकल फॉर लोकल' : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने का रास्ता वोकल फॉर लोकल से होकर ही गुजरेगा। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब देश में बनी वस्तुओं का अधिकतम उपयोग होगा और लोकल उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री-संपर्क अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद रहे। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए विकसित भारत 2047 और वोकल फॉर लोकल के आह्वान को आमजन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर जाकर तथा ट्रेन में मौजूद यात्रियों से संपर्क कर 'आत्मनिर्भर भारत' के पत्रक वितरित किए।



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री-संपर्क अभियान की शुरुआत की। इस दौरान एक यात्री को प्रचार प्रचार सामग्री वितरित करते सैनी।

### कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में विश्वास रखा

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2014 में भारत दुनिया की 12वीं–13वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन मोदी के नेतृत्व में केवल 11 वर्षों में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लोकल उत्पादों के उपयोग, उत्पादन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भरता को अपनाने से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा।

### कैदी वाहन में बैठने से कर दिया था इनकार, वीसी से कोर्ट में हुए पेश

# अमर सिंह मामले में आजम खां बरी

एजेंसी ▶▶ रामपुर

सपा के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां दिवंगत सपा नेता अमर सिंह के परिवार पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने आजम खां को सबूतों के आभव में बरी कर दिया है। आजम खां ने एक निजी चैनल को इंटरव्यू के दौरान राज्यसभा सदस्य रहे अमर सिंह की बेटियों को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

इस मामले में अमर सिंह ने नोएडा से लखनऊ तक रैली निकाली थी, इसके बाद डीजीपी के आदेश पर लखनऊ में मुकदमा दर्ज कराया था। यह इंटरव्यू जौहर यूनिवर्सिटी में दिया गया था। पुलिस ने लखनऊ से यह केस रामपुर के अजीमनगर थाने में ट्रांसफर कर दिया था।

पुलिस ने इसके बाद विवेचना आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था। इसका ट्रायल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा था। मंगलवार को इस केस में अंतिम बहस पूरी हो गई थी।

अदालत ने निर्णय के लिए 28 नवंबर की तारीख मुकर्रर कर जेल में बंद आजम खां को कोर्ट ने व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। 28 नवंबर को आजम खां जेल से ही कोर्ट में वीसी के माध्यम से जुड़े। इसके बाद कोर्ट ने सबूतों के आभाव में आजम खां को बरी कर दिया है।

### ट्रायल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा था



### 23 अगस्त 2018 को आजम खां ने दिया था विवादित बयान

थाना अजीमनगर में आजम खां के खिलाफ दिवंगत सपा नेता अमर सिंह के परिवार पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि 23 अगस्त 2018 को आजम खां ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में अमर सिंह के परिवार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद आजम खां के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### जेल गेट पर अफरा-तफरी, आजम बोले- बोलेरो उपलब्ध कराओ

सपा नेता आजम खां की कोर्ट में पेशी थी। इससे पहले ही जेल गेट पर अचानक अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। जेल प्रशासन ने आजम को कोर्ट पहुंचाने के लिए बड़ा कैदी वाहन लगाया था। बाहर आते ही इसे देख आजम खां ने उसमें बैठने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह राजनीतिक कैदी हैं और इस वाहन में नहीं जाएंगे। उन्होंने अपने लिए बोलेरो जैसे छोटे वाहन की मांग की। वैन में बैठने से मना करते ही वह वापस जेल के अंदर लौट गए।
जेल प्रशासन ने उनके लिए छोटा वाहन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुछ ही देर में आजम खां को अमर सिंह टिप्पणी मामले में पेशी के लिए रामपुर कोर्ट ले जाया जाएगा। कोर्ट ने इस केस में आजम खां को स्वयं उपस्थित होने का आदेश दिया है।



# 'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में' एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

लाइफ Style



# तनुश्री
## अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर

बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।

## हॉलीवुड मसाला



# एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

**लॉस एंजिल्स।** मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



# डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।



# कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या


**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।



# इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

## भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

**नई दिल्ली।** सिंगर,एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की




शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'

# 45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

## अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।



### जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

### बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

*फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।*

# दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते




हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

## आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।



### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

# श्रीलंका में 'दित्वा' चक्रवात से हुए नुकसान को लेकर पीएम ने जताई संवेदना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका में आए चक्रवात 'दित्वा' ने भीषण तबाही मचाई है। भूस्खलन की वजह से कई घर टूट गए हैं, मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 56 तक पहुंच गया है। जबकि 21 अन्य लापता हैं।

श्रीलंका की सरकार ने शुक्रवार को देशभर में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इन सबके बीच भारत की तरफ से दो महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। एक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर चक्रवात से श्रीलंका में हुए जानमाल के भारी नुकसान को लेकर हार्दिक संवेदनाएं प्रकट की हैं। दूसरे में ऑपरेशन सागर बंधु का आगाज करते हुए अपने निकट पड़ोसी द्वीपीय देश को स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत और जंगी युद्धपोत उदयगिरि के माध्यम से जरूरी राहत एवं बचाव सामग्री प्रदान की है। गौरतलब है कि श्रीलंका के आपदा प्रबंधन अधिकारियों का कहना है कि चक्रवात की वजह से श्रीलंका में बने हुए बेहद चुनौतीपूर्ण मौसम संबंधी हालातों के बीच 43 हजार 991 लोग और 12 हजार से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। आगामी दो-तीन दिन तक बारिश होने का अनुमान है। इसके अलावा श्रीलंका के बाद अब यह चक्रवात भारत के दक्षिण तटीय राज्यों की ओर बढ़ रहा है।

## ऑपरेशन सागर बंधु के जरिए आईएनएस विक्रांत, उदयगिरि के जरिए भेजी गई राहत सामग्री

**खास बातें**

- मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 56 तक पहुंचा
- 43 हजार 991 लोग और 12 हजार से अधिक परिवार प्रभावित हुए
- भूस्खलन की वजह से कई घर टूट गए

### श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा भारत




पीएम ने अपनी पोस्ट में कहा कि चक्रवात दित्वा के कारण अपने परिजनों को खोने वाले श्रीलंका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, सांत्वना और उनके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की मैं प्रार्थना करता हूं। भारत ने अपने निकटतम समुद्री पड़ोसी देश के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए ऑपरेशन बंधु के तहत तत्काल राहत सामग्री और जरूरी मानवीय आपदा सहायता भेजी है। जमीनी स्थिति के अनुसार हम और श्रीलंका को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। भारत की पड़ोस सबसे पहले और महासागर विजन से प्रेरित होकर जरूरत के वक्त पर श्रीलंका के साथ मजबूती के साथ खड़ा है।

### नौसैन्य युद्धपोतों ने पहुंचाई राहत सामग्री

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु की शुरुआत कर दी है। आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि ने कोलंबो में राहत सामग्री सौंप दी है। अन्य जरूरी उठाए जा रहे हैं।

### श्रीलंका ने जताया आभार

भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने अपनी एक्स पोस्ट के माध्यम से इस मुश्किल वक्त में उनके देश के साथ खड़े रहने के लिए भारत सरकार और आम-जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, एकजुटता के संदेश और ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को दी गई त्वरित सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की सरकार व आमजन का हार्दिक आभार।

**खबर संक्षेप**

### हिफजुर रहमान बने लीबिया के राजदूत



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने डॉक्टर हिफजुर रहमान को लीबिया में भारत का नया राजदूत बनाया है। इससे पहले वह चाड गणराज्य के राजदूत थे। अब वह जल्द ही लीबिया में अपना नया पद संभालेंगे। विदेश मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. हिफजुर रहमान को लीबिया राज्य में भारत का एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। भारत ने 1969 में त्रिपोली में अपना डिप्लोमैटिक मिशन खोला था। भारत-लीबिया रिश्तों का सबसे अहम पड़ाव 1984 में स्व. पीएम इंदिरा गांधी का लीबिया दौरा था।

### कपिल का षड़यंत्रकारी बंधु मान सिंह गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कनाडा में कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर गोलीबारी की साजिश रचने के मामले में गैंगस्टर बंधु मान सिंह को गिरफ्तार किया है। वह गोल्डी ढिल्लों गिरोह का एक कुख्यात अपराधी है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके पास से एक चाइनीज पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। कपिल शर्मा के कनाडा स्थित 'कैप्स कैफे' पर पहली बार जुलाई में, दूसरी बार अगस्त में और तीसरी बार दिवाली से पहले फायरिंग हुई थी।

### दक्षिणी सीरिया में गोलीबारी में 13 की मौत



**दमिश्क।** इजराइली सेना ने दक्षिणी सीरिया के एक गांव में छापेमारी की और इस दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा प्रतिरोध किये जाने पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोग मारे गए। स्थानीयअधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह हमला 'एक भयानक नरसंहार' था और मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इजराइली सेना बेत जिन गांव में घुसकर स्थानीय लोगों को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही थी।

## प्रवासियों के प्रति पूर्व में बने हुए सख्त रुख के बीच अमेरिका में जारी है ग्रीन कार्ड की व्यापक समीक्षा

# तीसरी दुनिया के देशों के लोगों की अमेरिका में 'नो एंट्री', आतंकी हमले के बाद ट्रंप का बड़ा ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रवासियों पर की जा रही सख्ती के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब अमेरिका में तीसरी दुनिया के देशों के सभी लोगों के प्रवेश पर स्थायी रूप से पाबंदी लगा दी जाएगी। हाल ही में वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबारी में घायल हुए नेशनल गार्ड के दो सैनिकों में से हुई एक की मौत की घटना के सामने आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए यह घोषणा की है।

जिससे निकट भविष्य में अमेरिका का समूचे तंत्र में सुधार देखने को मिलेगा। जानकारों की राय में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले से दुनिया के कई देश प्रभावित होंगे। यहां बता दें कि व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबारी का आरोपी अफगानिस्तान का एक नागरिक रहमानुल्लाह लकनवाल है। जिसकी उम्र 29 साल है और उसे 2021 में अमेरिका लाया गया था।

### ये है ट्रंप की पोस्ट का सार



राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी ट्रूथ सोशल पोस्ट में लिखा, भले ही अमेरिका ने नैतिक रूप से प्रगति की है। लेकिन इसकी आव्रजन नीति ने कई लोगों के लिए लाभ के साथ रहने की स्थितियों को नष्ट कर दिया है। अपने देश के तंत्र को 360 डिग्री दुरुस्त करने के लिए मैं तीसरी दुनिया के तमाम देशों के प्रवास पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दूंगा। जो.बाइडन के कार्यकाल में अवैध रूप से अमेरिका आए लाखों प्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखा दूंगा। इस कवायद में उन सभी लोगों को हटाया जा सकेगा जो अमेरिका के लिए संपत्ति नहीं हैं या फिर हमारे देश से प्रेम नहीं कर सकते। उन्होंने ये भी कहा कि मैं सभी गैर-अमेरिकी नागरिकों के लिए संघीय लाभ और सब्सिडी समाप्त करूंगा। घरेलू शांति भंग करने वाले प्रवासियों की नागरिकता को रद्द कर दूंगा। इसके अलावा सार्वजनिक बोझ, सुरक्षा जोखिम या पश्चिमी सभ्यता के अनुरूप न रहने वाले विदेशी नागरिकों को निर्वासित करूंगा।

### शरणार्थियों से बढ़ती सामाजिक अव्यवस्था

उन्होंने कहा कि शरणार्थियों की वजह से सामाजिक अव्यवस्था उत्पन्न होती है। जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नहीं था। ट्रंप ने दावा किया कि हमारे देश के नागरिक इतने अच्छे रहे हैं कि उन्होंने अमेरिका को विभाजित, हिंसक, असुरक्षित और मजाक का पात्र बनने दिया। रिवर्स माइग्रेशन से ही हालात पूरी तरह से बदल सकते हैं। हैपी थैंक्सगिविंग सिर्फ उन लोगों के जो नफरत करते हैं, चोरी, हत्या करते हैं और अमेरिका के मूल्यों को क्षति पहुंचाते हैं। आप यहां ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। अमेरिका की विदेशी आबादी 5.3 करोड़ है। इनमें से ज्यादातर लोग सुधार पर हैं। उदाहरण के लिए असफल देशों, मानसिक संस्थानों, गिरोहों या ड्रग कार्टेल्स से आए हैं। एक प्रवासी जो 30 हजार डॉलर कमाता है। उसे करीब 50 हजार डॉलर के वार्षिक लाभ मिलते हैं। वास्तविक रूप से प्रवासी आबादी इससे कहीं अधिक है।

**पाकिस्तान की उड़ी नींद**

# भारत और अफगानिस्तान ने की 900 करोड़ की डील



दुबई में एमओयू पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अफगानिस्तान की प्रमुख दवा कंपनियों ने 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 900 करोड़ रुपए) के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। अफगानिस्तान की रोफी इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनीज और भारत की जाइडस लाइफसाइंसेज के बीच दुबई में इस समझौता ज्ञापन पर साइन किया गया है। इसे अफगानिस्तान के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत के पदचिह्न का विस्तार करते हुए वहां की फार्मास्युटिकल क्षमता के पुनर्निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस समझौता ज्ञापन पर दुबई में अफगान वाणिज्य दूतावास में साइन किया गया। इस मौके पर अफगान राजदूत और वरिष्ठ वाणिज्यिक अधिकारी मौजूद रहे।

### भारत दवाएं निर्यात करेगा

अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, भारत के प्रमुख दवा निर्माताओं में से एक, जायडस लाइफ साइंसेज, शुरुआत में अफगानिस्तान को दवाएं निर्यात करेगा। समय के साथ, कंपनी अपना प्रतिनिधि कार्यालय अफगानिस्तान में ट्रांसफर कर देगी और वहां घरेलू स्तर पर दवा उत्पादन शुरू कर देगी। स्थानीय विनिर्माण के लिए तकनीकी डेटा और जानकारी का ट्रांसफर पहले ही शुरू हो चुका है। अफगानिस्तान ने समझौते को स्वास्थ्य देखभाल मानकों में सुधार, घटिया आयातित दवाओं पर निर्भरता कम करने और अफगान फार्मास्युटिकल सुविधाओं की तकनीकी क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बताया।

### पाक के साथ अफगानिस्तान का अनुबंध समाप्त

तालिबान ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है। अफगान कंपनियों को तीन महीने के भीतर पाकिस्तानी सप्लायर्स के साथ दवा व्यापार संबंध खत्म करने का निर्देश दिया गया है। इसलिए नए भारत-अफगानिस्तान समझौते को व्यापक रूप से पाकिस्तान के लिए सीधे झटके के रूप में देखा जाता है, जो परंपरागत रूप से अफगानिस्तान के लिए एक प्रमुख पारगमन (ट्रांजिट) और व्यापार केंद्र के रूप में काम करता है। यह व्यापार साझेदारी में विविधता लाने, नई दिल्ली के साथ रणनीतिक संबंधों को गहरा करने और पाकिस्तानी व्यापार चैनलों पर निर्भरता कम करने के काबुल के इरादे का संकेत देता है।

## अडाणी समूह को ऑस्ट्रेलिया में राहत

# कोर्ट ने एक्टिविस्ट को गोपनीय डेटा की जांच प्राप्त करने से रोका, विवाद खत्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट से अडाणी समूह की एक कंपनी को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने एक जीवाश्म ईंधन विरोधी एक्टिविस्ट को अडाणी की कारमाइकल कोयला खदानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल करने और उसका उपयोग करने से रोकने के लिए स्थाई आदेश जारी किया है। इस तरह अडाणी समूह और उसके लंबे समय से एक विरोधी के बीच कई वर्षों से चल रहा कानूनी विवाद समाप्त हो गया है। अडाणी समूह से जुड़ी कंपनी ब्रावस माइनिंग एंड रिसोर्सेज की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, बेन पेनिंग्स को ब्रावस के कर्मचारियों, ठेकेदारों या भावी ठेकेदारों से गोपनीय व्यावसायिक जानकारी प्राप्त करने के सभी प्रयासों को रोकना होगा। इसके साथ ही उन्हें दूसरों को ऐसी जानकारी का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करने से भी रोका गया है।



अडाणी समूह का हिस्सा ब्रावस ने भी कानूनी हर्जाना नहीं वसूलने पर सहमति जताई है। यह कंपनी गैलिली बेसिन में कारमाइकल कोयला खदान का संचालन करती है। ब्रावस ने गैलिली ब्लॉकेड समूह के राष्ट्रीय प्रवक्ता पेनिंग्स के खिलाफ एक दीवानी मुकदमा दायर किया था। उन्होंने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट में यह कानूनी कार्रवाई पेनिंग्स को हमारे कर्मचारियों और ठेकेदारों को परेशान करने और धमकाने से रोकने के लिए शुरू की थी।

यह हर्जाना दावा कभी भी पैसों से जुड़ा नहीं था। हम बस यही चाहते थे कि पेनिंग्स हमारी गोपनीय जानकारी हासिल करने और उसका इस्तेमाल हमारे ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं को परेशान करने और धमकाने के लिए करना बंद करें।

## इमरान खान से मिलने नहीं दे रहे

# पूर्व पीएम की बहन ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में दायर की याचिका

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की बहन ने उन्हें जेल में बंद अपने भाई से मिलने की अनुमति न देने के लिए शुक्रवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अदियाला जेल के अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना की याचिका दायर की। अलीमा खान ने यह याचिका खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सोहैल आफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं की मौजूदगी में दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें अदालत ने 73 वर्षीय खान से सप्ताह में दो बार मुलाकात करने की अनुमति दी थी। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में हैं। याचिका में कहा गया है कि अदालत के आदेशों का जानबूझकर पालन न करने की वजह से अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है, विशेष रूप से अधिकारियों द्वारा उन्हें खान से मिलने की अनुमति न देने के संबंध में।



याचिका में कहा गया कि मंगलवार और बृहस्पतिवार को मुलाकात की अनुमति के निर्देशों के बावजूद ''प्रतिवादियों ने इसका पालन नहीं किया और न ही इसे लागू किया।'' अलीमा अपने भाई के जेल जाने के बाद से उनकी सलामती, कानूनी अधिकारों और मानवीय व्यवहार को लेकर बेहद चिंतित रही हैं। जिन लोगों को नामजद किया गया है उनमें अदियाला जेल अधीक्षक अब्दुल गफूर अंजुम, सदर बेरोनी थाने के प्रभारी अधिकारी राजा ऐजाज अजीम, संघीय गृह सचिव कैप्टन (सेवानिवृत्त) मोहम्मद खुर्रम आगा और पंजाब गृह विभाग के सचिव नूरुल अमीन शामिल हैं।

### मृतकों की संख्या बढ़कर 128, जली हुई इमारतों से मिल रहे शव, 3 अरेस्ट

**हांगकांग।** हांगकांग की रिहायशी इमारतों में लगी आग में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 128 हो गया है। हांगकांग के सुरक्षा सचिव क्रिस तांग ने बताया कि जली हुई इमारतों से शव बरामद हो रहे हैं और मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। बुधवार दोपहर में हांगकांग के ताई पो इलाके में स्थित वांग फुक कोर्ट परिसर में आठ इमारतों में से सात में आग लग गई थी। इमारतों में पुनर्निर्माण के काम के लिए बांस की मचान लगी हुई थी, जिनके चलते आग तेजी से फैली और एक इमारत से शुरू हुई आग ने सात इमारतों को चपेट में ले लिया। एक हजार से ज्यादा अग्निशमन दल के जवानों ने 24 घंटे में आग पर नियंत्रण पाया था। जिस परिसर में आग लगी, उसमें करीब दो हजार फ्लैट हैं, जिनमें करीब 4800 लोग रह रहे थे। हादसे में 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें 11 अग्निशमन दल के जवान हैं।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**नई रेल सेवा की शुरूआत**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा दिनांक 01.12.2025 से शकूरबस्ती एवं जैसलमेर स्टेशनों के बीच एक नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी सेवा संख्या 12249/12250 (प्रतिदिन) की सेवा का शुभारम्भ किया जायेगा। इस रेलगाड़ी की समय–सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे:–

**12249/12250 शकूर बस्ती–जैसलमेर–शकूर बस्ती सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 12249 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 12250 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ... | 17:10 | शकूरबस्ती | 09:30 | ... |
| 17:54 | 17:56 | दिल्ली कैंट | 08:35 | 08:37 |
| 18:11 | 18:13 | गुड़गाँव | 08:18 | 08:20 |
| 19:05 | 19:07 | रेवाड़ी | 07:28 | 07:30 |
| 20:06 | 20:09 | अलवर | 05:29 | 05:32 |
| 21:10 | 21:12 | दौसा | 04:14 | 04:16 |
| 22:30 | 22:40 | जयपुर | 03:20 | 03:30 |
| 23:33 | 23:35 | फुलेरा | 02:25 | 02:27 |
| 00:13 | 00:15 | नावा सिटी | 01:32 | 01:34 |
| 00:29 | 00:31 | कुचामन सिटी | 01:16 | 01:18 |
| 00:44 | 00:47 | मकराना | 00:51 | 00:54 |
| 01:17 | 01:20 | डेगाना | 00:18 | 00:21 |
| 01:49 | 01:54 | मेड़ता रोड | 23:42 | 23:47 |
| 03:40 | 04:00 | जोधपुर | 21:50 | 22:20 |
| 05:01 | 05:03 | ओसियां | 20:14 | 20:16 |
| 05:37 | 05:39 | मारवाड़ लोहावट | 19:41 | 19:43 |
| 06:12 | 06:17 | फलोदी | 19:05 | 19:10 |
| 07:01 | 07:04 | रामदेवरा | 18:18 | 18:21 |
| 07:16 | 07:18 | आशापुरा गोमट | 18:08 | 18:10 |
| 09:00 | ... | जैसलमेर | ... | 17:00 |

चलने के दिन : 12249 शकूर बस्ती से दिनांक 01.12.2025 से (प्रतिदिन) और 12250 जैसलमेर से दिनांक 02.12.2025 से (प्रतिदिन)।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
3696/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

## हिंद महासागर में दाखिल हुआ चौथा चीनी जासूसी जहाज


# भारत की के-4 मिसाइल के परीक्षण को पैदा हुआ खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत हिंद महासागर में मिसाइल परीक्षण की योजना बना रहा है। इसके लिए समुद्र के एक बड़े इलाके में नोटम भी जारी किया गया है। इसमें ओडिशा के चांदीपुर टेस्टिंग रेंज से बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर के निर्धारित इलाके को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस बीच इस इलाके में चीन के चार-चार जासूसी जहाजों के पहुंचने से हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। ये सभी चीनी जासूसी जहाज अंतरराष्ट्रीय जल सीमा में ऑपरेट हो रहे हैं, लेकिन इनकी रेंज समुद्र की तलहटी से लेकर आसमान की ऊंचाईयों तक हर छोटी-बड़ी हरकत पर नजर रखने की है। ऐसे में भारत के मिसाइल परीक्षण को खतरा पैदा हो गया है।

**हिंद महासागर 1 से 4 दिसंबर तक नो फ्लाई जोन घोषित**

**मिसाइल की मारक क्षमता लगभग 3,500 किलोमीटर**




हिंद महासागर में नो फ्लाई जोन केसरिया रंग में

### चीन एकत्रित करेगा वैज्ञानिक जानकारी

चीन अपने जासूसी जहाजों को सर्वेक्षण पोत बताता है। उसने हर बार इस बात से इनकार किया है कि ये जहाज जासूसी मिशन को अंजाम देते हैं। हालांकि, चीन इन जासूसी जहाजों का इस्तेमाल सैन्य और वैज्ञानिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करता है। इसमें समुद्री तक के मानचित्रण के अलावा आसमान में जासूसी तक शामिल हैं। इन जहाजों में लगे सिस्टम दुश्मन के देश के हवाई यातायात पर नजर रख सकते हैं। इतना ही नहीं, ये सोनार सिग्नल को डिकेक्ट कर युद्धपोतों और पनडुब्बियों की कॉल साइन तक जान सकते हैं।

**हिंद महासागर में चीन के चार जासूसी जहाज**

चीन के जासूसी जहाज शी यान 6 अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पास मौजूद है। यह जहाज कुछ दिनों पहले ही मलक्का जलडमरूमध्य से हिंद महासागर में प्रवेश किया था। दूसरा जासूसी जहाज शेन ही यी हाओ हिंद महासागर में अंडमान निकोबार के दक्षिण में ऑपरेट कर रहा है। वहीं, तीसरा जासूसी जहाज लेन हाई 201 मालदीव के पास मौजूद है और समुद्र का सर्वे कर रहा है। अभी चौथा जासूसी जहाज लेन हाई 101 मलक्का जलडमरूमध्य से हिंद महासागर की ओर बढ़ता दिखा है।

### पनडुब्बी से लॉन्च होगी भारतीय मिसाइल

नोटम को देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि भारत जल्द ही पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली मिसाइल के-4 का परीक्षण कर सकता है। यह नोटम 1 से 4 दिसंबर के बीच प्रभावी है। इसमें 3484 किलोमीटर के क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। के-4 मध्यम दूरी की पनडुब्बी से लॉन्च की जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। इसकी मारक क्षमता लगभग 3,500 किलोमीटर है और यह ठोस रॉकेट प्रणोदक से चलती है। इसे मुख्य रूप से भारतीय नौसेना की अरिहंत श्रेणी की परमाणु पनडुब्बियों को लैस करने के लिए बनाया गया है।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार ने डेड कहने वालों को दिया जवाब

देश की विकास दर ने उन लोगों को करारा तमाचा मारा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। दुनिया में सबसे तेज गति से दौड़ रही अर्थव्यवस्था के मामले में भारत की विकास दर ने एक बार फिर कमाल किया है। कमाल भी ऐसा कि अर्थशास्त्री भी हैरान हैं। उनका अनुमान था कि भारत की जीडीपी लगभग 7.4 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी, लेकिन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8.2 फीसदी की मजबूत विकास दर दर्ज की है। नॉमिनल जीडीपी में भी 8.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि दर पिछले साल की समान अवधि 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है और पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज है। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से विनिर्माण और वित्तीय क्षेत्रों में हुई मजबूत वृद्धि को जाता है। जो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है। इस वृद्धि के पीछे गांवों में बढ़ी हुई मांग और सरकारी खर्च का बड़ा हाथ है, जबकि महंगाई दर निचले स्तर पर बनी हुई है। विनिर्माण और निर्माणः द्वितीयक क्षेत्र ने 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसमें विनिर्माण का 9.1 और निर्माण का 7.2 फीसदी का योगदान रहा। इसमें खेती-बाड़ी और खनन उद्योग शामिल हैं। इस साल दूसरी तिमाही में इन क्षेत्रों ने सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.5 थी। खनन क्षेत्र में थोड़ी गिरावट आई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 0.04 फीसदी सिकुड़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 0.4 सिकुड़ा था। देश की आर्थिक ग्रोथ को गांवों की मजबूत अर्थव्यवस्था, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट से सहारा मिला है। सरकारी पूंजीगत व्यय सितंबर तिमाही में 31 फीसदी बढ़ा है। हालांकि यह पिछली तिमाही के 52 के उछाल से कम है, लेकिन पिछले साल के 10 फीसदी ग्रोथ से काफी बेहतर है। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने के बावजूद निर्यात ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले साल इसी अवधि में 7 की गिरावट से उलट है। हालांकि माना यह भ्ज़ी जा रहा है कि अमेरिका में टैरिफ लगने से पहले निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट ने इसमें मदद की। घरेलू खपत, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है, जुलाई-सितंबर तिमाही में मजबूत हुई। गांवों में बेहतर कृषि उत्पादन के कारण वहां खर्च बढ़ा। हालांकि, शहरों की मांग और निजी निवेश अभी भी धीमे बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक के चलते पूरी दुनिया में भू-राजनीतिक स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति और प्रभाव बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार नए आयाम हासिल कर रही है। ऐसे में लगातार मजबूत होती जीडीपी ग्रोथ बता रही है कि भारत की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। इस समय भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह वर्तमान में अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। हालांकि, उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अप्रैल 2025 में भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया था। अब हम जर्मनी को पछाड़ने की तैयारी में लगे हैं। अगर यही रफ्तार रही तो देश को वर्ष 2030 तक का इंतजार नहीं करना होगा।



सुरक्षा
अवधेश कुमार

# आतंक के व्यापक तंत्र का उत्तर कैसे दें

> आतंकियों ने दिल्ली में लाल किले पर अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि इनकी काफी पहले से ही कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन उस समय कड़ी सुरक्षा के कारण सफल नहीं हो पाई।

दिल्ली लाल किला आतंकवादी कार विस्फोट की छानबीन से आ रही जानकारियों ने पूरे देश में भय और सनसनाहट पैदा की हुई है। अभी तक की जानकारियां बता रही हैं कि अगर आतंक का यह मॉड्यूल सफल हो गया होता तो देश में जगह-जगह अनगिनत विस्फोट होते और उसमें होने वाली मानवीय एवं संपत्तियों की क्षति का तो आकलन भी नहीं किया जा सकता। सच कहें तो आतंकवाद के दौर की शुरुआत से अब तक पूरे देश में विध्वंस पैदा करने का यह सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है। बताया गया है कि विस्फोट के लिए 32 कारों की व्यवस्था थी, जिनमें से कई बरामद हो चुकी हैं। इन कारों के अलावा अलग-अलग तरीकों से भी विस्फोटों की तैयारी थी। उनकी तैयारियों का एक उदाहरण देखिए। कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमला की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ. उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था।

विस्फोट में इस्तेमाल कार खरीदने के लिए दिल्ली आया राशिद अली भी जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। वास्तव में अब तक की छानबीन हमें कई पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को भी विवश करती है। अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में छह ऐसे सम्मिलित डॉक्टर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है। इन्होंने अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके। उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए। उमर उन नबी, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के 'थ्रीमा' नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां साझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनिक आईडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने थ्रीमा ऐप का नाम सुना है



या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डॉक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही। इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद ना कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डॉक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेश नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डॉक्टर शाहीन शाहिद जैश ए मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एक-47 जैसा हथियार होगा? सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लख रुपये इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी, इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है। बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इन्होंने मिलकर पूरी अलफलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया। पठानकोट से गिरफ्तार डॉक्टर रईस अहमद भी पहले अलफलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। इसी तरह हापुड़ के जीएस मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार डॉक्टर फारूक अहमदार अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीनियर रेजिडेंट रह चुका है। वह जम्मू-कश्मीर के बीरवाह जिले के बड़गांव, वीरिपुरा के रहने वाला है। डॉ मुजम्मिल जब विस्फोटक जमा कर रहा था तो किसी ने उसको टोका तक नहीं। पुलिस को बताया गया कि जब उससे पूछा तो कहा कि खेती का खाद रख रहे हैं और इसे जम्मू-कश्मीर ले जाना है। जब मजहब के चेहरे इमाम तक इसमें शामिल हों तो रोक-टोक होगी कहां से। डॉ उमर नबी के मोबाइल को तोड़ कर फेंकने वाला परिवार ही था। एनआईए को उसके भाई ने बताया कि डॉ उमर नबी यहां आया था और उसने कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई समाचार आए तो मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना और हमने फेंक दिया। क्या भाई और परिवार ने उससे नहीं पूछा कि कौन सा समाचार आएगा? क्या समाचार आने के बाद उनका दायित्व नहीं था कि पुलिस के पास मोबाइल पहुंचाएं? आखिर उसने तो अपने को उड़ा लिया था और उसे बचाने की भी समस्या नहीं थी? इसी तरह डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज की भूमिका अभी तक संदिग्ध मानी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज बता रहे हैं कि उमर नबी धमाके से पहले हरियाणा के मेवात गया था। फिरोजपुर झिरका टोल प्लाजा फुटेज में उसकी कार दिखाई दी, जिसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। यह फुटेज 10 नवंबर की सुबह, यानी धमाके वाले दिन की है। जांच में पता चला है कि मेवात क्षेत्र गुरुग्राम, नूंह और आसपास से ही 20 क्विंटल से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट खरीदा गया था। विस्फोटक में इस्तेमाल की गई खाद भी उमर ने मेवात से ही खरीदी थी। स्वयं को कार में उड़ाने के पूर्व उमर नबी का मेवात जाना, होटल में भोजन करना, काफी देर तक रुकना आदि के कोई निहितार्थ हैं या नहीं? अभी एक मॉड्यूल हमारे सामने आया है। निश्चित मानिए ऐसे कई मॉड्यूल देश के अलग-अलग जगहों में सक्रिय होकर साजिशों को अंजाम देने में संलिप्त होंगे। किसी तरह वे कुछ करने में सफल हुए या साजिश अंजाम देने के पहले पकड़े गए तब भी सामूहिक प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
अरविंद जयतिलक




# अरुणाचल पर फिर चीन की गिद्ध दृष्टि

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। उसने जिस तरह शंघाई एयरपोर्ट पर भारतीय नागरिक पेमा वांग थोंगडोक से बदसलूकी करते हुए उनके पासपोर्ट इनवैलिड किए और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है, बेहद आपत्तिजनक और रिश्तों में खटास पैदा करने वाला है। यह उचित है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए चीन को दो टूक सुना दिया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है। विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल के मसले पर हंगामा खड़ा करने की कोशिश की है। याद होगा कि पिछले वर्ष उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरुआत पर ऐतराज जताया था। तब भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यास्पद बताते हुए उसे आईना दिखा दिया था और कहा था कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है। बहरहाल चीन की कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है। उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है। वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है, जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था। गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता, क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रूप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है। दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। गौरतलब है कि चीन पहले ही पैंगोंग झील पर एक पुल का निर्माण कर चुका है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और दुस्साहस को देखते हुए अब उचित होगा कि भारत भी चीन के साथ पूर्व की किसी स्वीकारोक्ति से बंधा न रहे। इसलिए कि चीन जम्मू-कश्मीर और अरुणांचल प्रदेश दोनों पर अपनी कुदृष्टि गड़ाए है। याद होगा गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके को उसे सौंप देता है तो वह बदले में अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जम्मू-कश्मीर में उसकी दुस्साहसपूर्ण गतिविधियां इसलिए चिंता पैदा करने वाली है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का आंगन उसके लिए खोल दिया है। उसी का नतीजा है कि इस्लामाबाद से चीन के उरुमची तक आवागमन तेज हो गया है। उचित होगा कि अब भारत बीजिंग-इस्लामाबाद के नापाक गठजोड़ का मुंहतोड़ जवाब दे। इसलिए भी कि आज दुनिया भारत के साथ है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, 'अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें**

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

– **महेश त्यागी**, जगदलपुर

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदनाएं

चक्रवात दित्वा के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रीलंका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भारत संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।



**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सशक्तिकरण को बढ़ावा

असम में मुसलमान समुदाय लगभग 20-30 विधानसभा सीटों की विजय तय करता है, लेकिन कई दशकों तक असम में मुस्लिम बहनें विधायक नहीं बन सकीं। बहुविवाह और बाल विवाह को रोककर हम इनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।



**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### लोकतंत्र से धोखाधड़ी

एसआईआर लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरुक हो। आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी।



**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मेरी प्रकृति ही ऐसी

मैं एक ही चीज बार-बार नहीं करना चाहता। मेरी व्यक्तिगत प्रकृति ही ऐसी है कि मैं अलग-अलग कहानियां चुनता हूं और मैं हमेशा उसी चीज पर काम करता हूं, जो मुझे व्यक्तिगत तौर पर उत्साहित करती है।



**-आमिर खान, अभिनेता**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के बाढ़ राहत कार्य में सहयोग करेगा पोत 'विक्रांत'


श्रीलंका में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बचाव और राहत अभियानों में भारत के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि यह स्वदेशी विमानवाहक पोत 'अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू' 2025 की तैयारियों के तहत 25-26 नवंबर को कोलंबो में तैनात किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका के पूर्वी त्रिंकोमाली क्षेत्र में आए चक्रवाती तूफान 'डिटवा' के कारण गंभीर मौसम के बीच जारी राहत कार्यों के लिए आईएनएस विक्रांत के विमानों के उपयोग हेतु औपचारिक अनुरोध किया गया था। श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 56 हो गई है, जबकि 21 लोग अब भी लापता हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि पिछले 72 घंटों में 46 मौत के मामले दर्ज किए गए हैं। आपात स्थिति को देखते हुए, सरकार ने शुक्रवार को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि अत्यधिक खराब मौसम से 12,313 परिवारों के 43,991 लोग प्रभावित हुए हैं। सिंचाई विभाग ने कोलंबो के निचले उत्तरी हिस्सों में केलानी नदी के पास रहने वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र को द्वीप राष्ट्र के इतिहास में सबसे खराब बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।



## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की लटकी तलवार

# महाराष्ट्र में कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी झेलनी पड़ सकती है हार

## 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए होगा मतदान, 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन, भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी, पहली बार स्थानीय चुनावों की बड़ी परीक्षा से गुजरने जा रहा है। 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए मतदान होगा। 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने महाराष्ट्र लोकल बॉडीज में ओबीसी रिजर्वेशन को चुनौती देने वाली रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया है। इन सीटों पर हो सकता है कि कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी हारना पड़ सकता है या उन्हें जीत का स्वाद चखने से वंचित रहना पड़ सकता है क्योंकि जिन सीटों पर आरक्षण रद्द होगा, वहां जीते उम्मीदवार को विजेता होने के सुख से वंचित होना पड़ सकता है।

### 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि जिन 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदीसे ज्यादा आरक्षण दिया गया है, उनके नतीजे अंतिम फैसले के बाद ही मान्य होंगे। कोर्ट पहले भी चेतावनी दे चुका है कि आरक्षण सीमा टूटने पर चुनाव रद्द भी हो सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग ने स्वीकार किया है कि सीमा टूट चुकी है। यानी राजनीति के साथ एक कानूनी असमंजस भी चुनाव पर मंडरा रहा है।



### समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए

सुनवाई के दौरान आयोग के वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि राज्य में केवल दो महानगरपालिकाएं ऐसी हैं, जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इस पर अदालत ने कहा कि इनके चुनाव भी अधिसूचित किए जा सकते हैं, लेकिन इनके परिणाम भी रिट याचिकाओं के नतीजों से प्रभावित होंगे। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि हम जो भी करें, समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए।

### स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके

महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण की वजह से स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके हुए हैं। दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर यह कहते हुए रोक लगा दी थी कि इसे 'ट्रिपल-टेस्ट' को पूरा करने के बाद ही लागू किया जा सकता है। राज्य सरकार ने लोकल बॉडी चुनावों में ओबीसी रिज़र्वेशन के मुद्दे की जांच के लिए मार्च 2022 में जयंत कुमार बंठिया कमीशन का गठन किया था। बंठिया आयोग ने जुलाई 2022 में अपनी रिपोर्ट दी थी।

### बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से चुनाव का दिया था निर्देश

मई 2025 में, कोर्ट ने बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से ओबीसी रिज़र्वेशन देकर चार महीने के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों ने इस आदेश का गलत मतलब निकाला है कि रिज़र्वेशन 50फीसदी से ज़्यादा हो सकता है। यह साफ़ करते हुए कि बंठिया से पहले की स्थिति के हिसाब से चुनाव कराने का निर्देश 50 प्रतिशत की लिमिट पार करने की इजाज़त नहीं है।

### महाराष्ट्र में एमवीएम मान रही इससे अपना फायदा

हिंगोली में भाजपा विधायक तानाजी मुतकुले और शिवसेना विधायक संतोष बांगड़ के बीच खुला टकराव राजनीतिक माहौल और गरमा रहा है। महाविकास आघाड़ी इसे फायदा मान रही है। उनकी उम्मीद है कि गठबंधन की अंदरूनी लड़ाई वोट काटेगी और मुकाबला बहुकोणीय होगा, जिससे एमवीए को फायदा मिल सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली सरकार ने '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के पराक्रम पर बनी फिल्म '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री घोषित किया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला की लड़ाई में 120 सैनिकों के साहस को दर्शाती है। सीएम रेखा ने कहा कि यह मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व को दिखाती है।



### कार पर पलटा डंपर 7 की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें 7 की दर्दनाक मौत हो गई। सहारनपुर के सैय्यद माजरा गांव का रहने वाला परिवार कार से कहीं जा रहा था। जैसे ही कार एक्सप्रेसवे पर पहुंची,तभी देहरादून की दिशा से तेज रफ्तार में खनिज से भरा डंपर कर पर पलट गया।



### चिराग की तबीयत बिगड़ी, एयरपोर्ट से लौटे

**पटना।** लोजपा रामविलास के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान दिल्ली से पटना आने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वापस आवास पर लौट गए। इसके बाद चिराग पासवान ने दिल्ली से ही ऑनलाइन रजत दिवस समारोह को संबोधित किया।



### कांग्रेस के विधायक पर यौन उत्पीड़न का केस

**पलक्कड़।** केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट से विधायक राहुल ममकूटाथिल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कांग्रेससे निलंबित हो चुके विधायक के खिलाफ पुलिस ने महिला का यौन उत्पीड़न करने और गर्भपात के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शिकायत सौंपी थी।



### थार ने बाइक वालों को रौंदा, दोनों में फायरिंग

**कोटपूतली।** राजस्थान के कोटपूतली–बहरोड़ जिले में कथित तौर पर दो गैंग के बीच झड़प हुई। एक गैंग ने थार और स्विफ्ट कार में सवार होकर तीन बाइक सवार को कुचलने की कोशिश किए। वहीं, बाइक वाले गैंग ने जवाबी फायरिंग की। फिल्मी अंदाज में हुई यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



---

कर्नाटक के उडुपी में बोले प्रधानमंत्री मोदी, गीता के ज्ञान को बखाना

# अत्याचारियों का अंत होना भी आवश्यक महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण भी हो

## जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने पीएम का किया अभिनंदन



प्रधानमंत्री मोदी ने कनक मंडप का दौरा करके उन्हें नमन भी किया


उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि

**संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि**

**राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को भूल नहीं सकते**

एजेंसी ▶▶ उडुपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकदिनी कर्नाटक दौरे पर पहुंचे। यहां जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने विश्व गीता पर्याय- लक्ष्य कंठ गीता परायण में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने ऐतिहासिक कनक मंडप का दौरा किया और 14वीं-15वीं शताब्दी के संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि अर्पित की। उडुपी श्री कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के पश्चिम की ओर मुड़ने की पौराणिक घटना का श्रेय कनकदास को दिया जाता है। राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा कि मंदिर आंदोलन में श्री विश्वेश तीर्थ स्वामीजी के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराया गया। राम मंदिर में उडुपी के श्री माधवाचार्य को समर्पित एक विशेष द्वार है। कनक विंडो के माध्यम से उडुपी मंदिर में श्रीकृष्ण की झलक मुझे संत कवि कनकदास से जोड़ती है।



संत-मुनियों से चर्चा करते और उनका आशीर्वाद लेते प्रधानमंत्री मोदी

**ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है**

पीएम ने कहा कि हमारे समाज में मंत्रों, गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है पर जब एक लाख कंठ एक स्वर में इन श्लोकों का ऐसा उच्चारण करते हैं... तो ऐसी ऊर्जा निकलती है जो हमारे मन, मस्तिष्क को एक नया स्पंदन, नई शक्ति देती है। यही ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है, सामाजिक एकता की शक्ति है।

### 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन

पीएम मोदी ने 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन किया, जो भगवान कृष्ण के गर्भगृह के सामने बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने 'कनक कवच' भी समर्पित किया। यह कनाकाना किंदी पर स्वर्ण आवरण है, जहां से भक्त और संत कनकदास ने पहली बार भगवान कृष्ण के दर्शन किए थे।

### 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति भगवान श्रीकृष्ण के श्लोकों से प्रेरित

पीएम मोदी ने कहा कि 25 नवंबर को विवाह पंचमी के पावन दिन अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है। राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका कितनी बड़ी है सारा देश इसे जानता है। आज हमारी 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की नीतियां भगवान श्री कृष्ण के इन श्लोकों से प्रेरित हैं। भगवान श्री कृष्ण हमें गरीबों की मदद करने का मंत्र देते हैं और इसी मंत्र की प्रेरणा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का आधार बनती है। हमें महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का ज्ञान देते हैं।

### देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है। हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं। देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है। हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और रक्षा करना भी जानते हैं।

### श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक

प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता में श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक हैं, वे राष्ट्रीय नीति को निर्देशित करती हैं। वे गीता में हमें लोक कल्याण के लिए काम करने को कहते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय' जैसे नारे गीता के श्लोकों से प्रेरित हैं। गरीबों की मदद करने का गीता में दिया गया संदेश प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी नीतियों का आधार भी यही है।

---

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया, नहीं होगा इसका निजीकरण

## एससीएल मोहाली के आधुनिकीकरण के लिए खर्च होंगे 4,500 करोड़ रुपए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह ने शुक्रवार को मोहाली के सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) का दौरा किया ताकि कार्य प्रगति एवं चल रही आधुनिकीकरण गतिविधियों की समीक्षा की जा सके।

यात्रा के दौरान, अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि भारत सरकार एससीएल के उन्नयन एवं विस्तार के लिए 4,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। मंत्री ने आश्वासन दिया, इसमें कोई संदेह नहीं है कि एससीएल मोहाली का आधुनिकीकरण होगा और इसका निजीकरण नहीं किया जाएगा। आगे एक लंबी यात्रा है और भारत इसके लिए तैयार है। मंत्री एससीएल मोहाली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जहां 17 शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों द्वारा डिज़ाइन की गई 28 चिप्स सौंपी गईं। इन चिप्स को चिप्स टू स्टार्ट-अप (सी2एस) कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को प्रदान किए गए इलेक्ट्रॉनिक डिज़ाइन ऑटोमेशन (ईडीए) टूल्स का उपयोग करके डिज़ाइन किया गया है। इसके साथ ही, इस कार्यक्रम के अंतर्गत एससीएल में छात्रों द्वारा डिज़ाइन की गई कुल 56 चिप्स का निर्माण किया गया है। मंत्री ने सेमीकंडक्टर प्रोसेस गैलरी और अभ्युत्थान प्रशिक्षण ब्लॉक का भी उद्घाटन किया। सेमीकंडक्टर प्रोसेस गैलरी में पुरानी पीढ़ी के बनावट उपकरणों से युक्त एक क्लीन रूम लैब प्रदर्शित की गई है। यह छात्रों को एक सेमीकंडक्टर फैब और एटीएमपी सुविधा का वास्तविक अनुभव प्रदान करती है। अभ्युत्थान प्रशिक्षण ब्लॉक में ऑनलाइन और ऑफलाइन सेमिकंडक्टर प्रशिक्षण मॉड्यूल और व्यावहारिक फ़ायर एवं सुरक्षा प्रशिक्षण शामिल हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीएल मोहाली के लिए एक स्पष्ट कार्य योजना तैयार की है और उन्होंने प्रमुख दृष्टि क्षेत्रों को रेखांकित किया है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAM3935-YOM- NA
2) MAH BOL_MT_BS4 ENG. NO. UP14KT2814-YOM- 2021
3) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. HR69F8221-YOM- NA
4) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAM3075-YOM- NA
5) TATA LPT709CH REG. NO. DL1LAQ0973-YOM- NA
6) ASHOK_LEY AL5525SWT REG.NO. HR58D9996 -YOM- NA
7) MAH BOLMAXITRK REG. NO. DL1LAF7529-YOM-2022
8) TATA MOTORS T2518FBGD REG. NO. UK07CB0721-YOM-2016
9) TATA MOTORS TLPT1816HD REG. NO. HR55AR1482 -YOM-2023
10) MAH BOLERO_MAX REG. NO. DL1LAH3509-YOM -2022
11) SWRJ_MAZDA SML_WV26S REG. NO. DL1LY4530-YOM -2017
12) TATA MOTORS T_INTRAV20 REG. NO. DL1LAM0743-YOM- 2023
13) TATA MOTORS T2818SIGNA REG. NO. HR58E6219-YOM- 2024
14) TATA MOTORS T2818SIGNA REG. NO. HR58E8232-YOM-2024
15) TATA MOTORS T2818SIGNA REG. NO. HR58E1424 -YOM -2024
16) TATA MOTORS TATALP709F REG. NO. DL1LAH5554-YOM -2022
17) TATA MOTORSTATA_INTRA REG. NO. DL1LAM6035-YOM -2024

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

---

डीडी फ्री डिश मार्च 2026 तक क्षेत्रीय भाषा चैनलों को मुफ्त एमपीईजी-4 स्लॉट प्रदान करेगा

# प्रसार भारती ने डीडी फ्री डिश पर लोकप्रिय क्षेत्रीय चैनलों को शामिल करने के लिए पायलट पहल शुरू की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रसार भारती डीडी फ्री डिश प्लेटफ़ॉर्म पर एक पायलट योजना शुरू कर रही है, जिसके तहत लोकप्रिय क्षेत्रीय भाषाओं के चैनल (अनुसूची आठ की भाषाएँ, हिंदी और उर्दू को छोड़कर), जिन्हें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से अनुमति और लाइसेंस प्राप्त है, को नए उन्नत एमपीईजी-4 स्ट्रीम्स पर उपलब्ध खाली डीडी फ्री डिश स्लॉट्स के आवंटन के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रित किया गया है। अब तक प्रतिनिधित्व न किए गए और कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में पहुंच बढ़ाने के लिए प्रसार भारती का प्रयास, क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से पहुंच, अवसर और जागरूकता में मौजूद अंतर को पाटने की प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम, बांग्ला, असमिया और ओड़िया भाषाओं के क्षेत्रीय चैनल, जो वर्तमान में डीडी फ्री डिश प्लेटफ़ॉर्म पर अब तक प्रतिनिधित्व न किए गए और कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों को अन्य क्षेत्रीय भाषा चैनलों की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी। क्षेत्रीय समाचार चैनलों को गैर-समाचार क्षेत्रीय चैनलों की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

इन क्षेत्रीय चैनलों को पायलट आधार पर निःशुल्क स्लॉट आवंटित किए जाएँगे। यह आवंटन केवल 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए होगा। वर्तमान में डीडी फ्री डिश पर कुल 482 टीवी चैनल उपलब्ध हैं (जिनमें 320 डीडी को -ब्रांडेड शैक्षणिक चैनल जैसे पीएम ई-विद्या और स्वयं प्रभा शामिल हैं) और 48 रेडियो चैनल भी शामिल हैं। दूरदर्शन चैनलों के अलावा, इस बुके में सामान्य मनोरंजन, समाचार, भक्ति, फ़िल्में, खेल आदि के निजी टीवी चैनल भी शामिल हैं।

प्रसार भारती का डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) प्लेटफ़ॉर्म 'डीडी फ्री डिश' एक मुफ़्त प्रसारण प्लेटफ़ॉर्म है, जहाँ दर्शकों से कोई मासिक या वार्षिक सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाता है। इस अनूठे और किफायती मॉडल ने डीडी फ्री डिश को सबसे बड़ा डीटीएच प्लेटफ़ॉर्म बना दिया है, जो दूरदराज, ग्रामीण, दुर्गम और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी लगभग 65 मिलियन घरों (क्रोम डेटा के अनुसार) तक पहुंचता है।

---

एक साथ 7 शीर्ष नेताओं ने दिया इस्तीफ़ा

# पार्टी बचाने परिवारवाद लागू करने वाले कुशवाहा का संगठन स्वाहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय लोकमोर्चा के अध्यक्ष और बिहार में राजग के साथी दल के रूप में चुनाव लड़े उपेंद्र कुशवाहा परिवारवाद की वजह से घिर गए हैं। ख़ुद राज्यसभा सदस्य, पत्नी विधायक और बेटे दीपक प्रकाश को बिना चुनाव लड़वाये नीतीश सरकार में मंत्री बनवाया तो सफ़ाई में ये कहा था की दूसरों को बनाते हैं तो पार्टी तोड़ कर वो चला जाता है इसलिए परिवार को ही प्रमुखता दी गई। जबकि उनके दल से 4 विधायक जीत कर आए हैं उनमें उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी भी हैं। अब उपेंद्र कुशवाहा के उस बयान के बाद उनके संगठन में विद्रोह की स्थिति पैदा हो गई। संगठन खड़ा करने वाले पुराने 7 पुराने साथियों ने पार्टी से परिवारवाद का आरोप लगाते हुए एक साथ इस्तीफा दे दिया। कुशवाहा की पार्टी को स्वाहा करने में जुटे उनके ही खास नेताओं में शुमार नेताओं ने पार्टी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के खिलाफ 'परिवारवाद और पक्षपात' के आरोप लगाते हुए सामूहिक इस्तीफा दे दिया। सभी नेताओं का आरोप है कि मेहनत करे कार्यकर्ता और पद पर जाए परिजन ये कैसे ठीक है?

### बेटे को चार विधायकों पर तरजीह दी

यह नाराज़गी उस निर्णय के बाद उपजी, जिसमें उपेंद्र कुशवाहा ने अपने बेटे दीपक प्रकाश को, जो न तो विधायक हैं और न ही एमएलसी बिहार के नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्री बनवाने में अहम भूमिका निभाई। इस कदम से पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं में असंतोष फैल गया, क्योंकि दीपक प्रकाश को पार्टी के चार विधायकों पर तरजीह दी गई। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को एक एमएलसी की सीट राजग गठबंधन की ओर से दी जानी है जाहिर है उस पर उनके बेटे कैबिनेट मंत्री दीपक का पहला हक बनेगा, क्योंकि मंत्री बने रहने के लिए छह महीने के अंदर उन्हें किसी हाउस का सदस्य होना होगा। विधायक हैं नहीं तो विधान परिषद के रास्ते वे मंत्रिपरिषद का हिस्सा बने रहेंगे।

### खुले तौर पर पक्षपात

राष्ट्रीय लोकमोर्चा के आधिकारिक नंबर-2 माने जाने वाले जितेंद्र नाथ, जिन्होंने इस्तीफा देते हुए कहा कि मैं नौ वर्षों से कुशवाहा जी के साथ रहा हूं। वे खुद को कभी नीतीश कुमार का उत्तराधिकारी बताते थे, लेकिन 2020 के विधानसभा चुनाव में पूरी तरह हारने के बाद वे असुरक्षित हो गए। अब वे अपने परिवार को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। उनके गैर-विधायक बेटे को अचानक अहमियत देना खुले तौर पर पक्षपात है।

### संगठन परिवारवाद की गिरफ्त में

पार्टी में स्तंभ माने जाने वाली कई जिलाध्यक्ष और प्रमुख नेताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र कुशवाहा, प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राहुल कुमार, जिलाध्यक्ष और नालंदा प्रभारी राजेश रंजन सिंह, जिलाध्यक्ष और जमुई प्रभारी बिपिन कुमार चौरसिया, प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव, जिलाध्यक्ष सिवान प्रभारी लक्ष्मण राय, शेखपुरा जिलाध्यक्ष पप्पू मंडल जैसे नेता शामिल हैं। इन नेताओं ने कहा कि पार्टी 'गिरते संगठन और परिवारवाद' की गिरफ्त में है। कुशवाहा की पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र कुशवाहा ने तीखे शब्दों में आरोप लगाते हुए कहा, 'उपेंद्र कुशवाहा समाजवादी विचारधारा को भूल चुके हैं। वे अब पारिवारिक राजनीति के जाल में फंस गए हैं। राज्य महासचिव और प्रवक्ता रहे राहुल कुमार ने कहा कि उनका इस्तीफा एक 'एकतरफा खेल का अंत' है। उन्होंने कहा, मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता के लिए पार्टी में अब कोई जगह नहीं बची है।

बिहार विधानसभा चुनाव में आरएलएम को चार सीटें मिली थीं, जबकि एक समय उपेंद्र कुशवाहा खुद को जेडीयू के भीतर नीतीश कुमार का संभावित उत्तराधिकारी बताने से नहीं चूकते थे।

**उत्तर रेलवे**

**केस नं. 752–ई/सीएमपी/एन आर सी एच/25**
**संविदा चिकित्सक (सीएमपी) की नियुक्ति**

उत्तर रेलवे, केन्द्रीय चिकित्सालय, बसंत लेन, नई दिल्ली में आपातकालीन (कैसुअल्टी) और स्वास्थ्य केंद्र मे संविदा चिकित्सक (सीएमपी) के तीन पदों (01 Ortho Specialist + 01 General Medicine Specialist+ 01 GDMO) के लिए नियुक्ति हेतू योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। तात्कालिक साक्षात्कार दिनांक 09.12.2025 को आयोजित किया जायेगा। रिक्तियों कि स्थिति, नियम एवम शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप के साथ विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे कि वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in.** पर उपलब्ध है।

चिकित्सा निदेशक,
उत्तर रेलवे केन्द्रीय चिकित्सालय, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3698/25

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/47/2025-26/W-3 दिनांक:28.11.2025

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अधीन एस/ओ एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई में दिल्ली मुख्य स्टेशन और शकूरबस्ती के मौजूदा रनिंग रूम और लॉबी में बुनियादी ढांचे का उन्नयन और प्रथम और द्वितीय प्रवेश की ओर की चारदीवारी की मरम्मत, पीएफ और यार्ड पर मैनहोल चैंबर की मरम्मत, दिल्ली मुख्य स्टेशन पर सिग्नल और यार्ड मास्टर हट और कार्यालयों की मरम्मत और पीएफ पर नई सीवर लाइन बिछाकर पीएफ 5 से पीएफ 16 तक नाले का निर्माण और पुनर्निर्माण तथा नाले की ढलान को ठीक करना, वाशिंग लाइन 18 वेस्टएंड से पीएफ 16 दिल्ली मुख्य स्टेशन तक नाले की मरम्मत और निर्माण। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 3,24,99,137.02 (रुपये तीन करोड़ चौबीस लाख निन्यान्नवे हजार एक सौ सैंतीस और दो पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 3,12,500/- (रुपये तीन लाख बारह हजार पांच सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | Rs. 0.00. |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 22.12.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 3699/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## फीफा अंडर-17 विश्व चैंपियन, पुर्तगाल ने जीता खिताब

**दोहा।** पुर्तगाल ने फीफा अंडर-17 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराकर इस आयु वर्ग में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता। बेनफिका के फॉरवर्ड अनीसियो कैब्राल ने 48 देशों के टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए खिताबी मुकाबले के 32वें मिनट में मैच का इकलौता गोल किया। इससे पहले इटली ने तीसरे स्थान के मैच में ब्राजील को शूटआउट में 4-2 से हराया, जिससे यूरोप की टीमों ने शीर्ष तीन स्थानों पर अपना दबदबा बनाया। मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद गोलकीपर एलेसेंड्रो लोंगोनी ने दो पेनल्टी बचा कर इटली की जीत पक्की की।

फीफा अंडर-17 विश्व कप का यह 20वां सत्र है। फीफा इस टूर्नामेंट को अब हर दो साल के बजाय सालाना आयोजित करता है।



## रोमा ने मिड्ट्जिलैंड को दी शिकस्त, दर्ज की पहली घरेलू जीत

**नॉटिंघमशायर।** रोमा ने मिड्ट्जिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए। नील एल ऐनाउई ने मुकाबले के 7वें मिनट खाता खोला। इसके बाद स्टीफन ऐल शरावी ने 83वें मिनट गोल दागकर रोमा को 2-0 से आगे कर दिया। मुकाबले के 86वें मिनट मिड्ट्जिलैंड ने पॉलिन्हो के गोल की बदौलत अपना खाता खोला, लेकिन यह टीम मुकाबला गंवा बैठी। इस बीच, डोनियल मैलेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यंग बॉयज को 2-1 से शिकस्त देकर पांच लीग फेज मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की।



## फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, हासिल किए तीन प्वाइंट्स

**नॉटिंघमशायर।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नोड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया। माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : म्हात्रे ने जड़ा टी20 करियर का पहला शतक

# आयुष ने 49 गेंद में ठोका शतक, 16 छक्के-चौके लगाकर किया कमाल, मुंबई को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने टी20 करियर का पहला शतक लगाते हुए मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में लगातार दूसरी जीत दिला दी। विदर्भ से ग्रुप एक के मुकाबले में मिले 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए म्हात्रे ने 110 रन की नाबाद पारी खेली।

इससे मुंबई ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। म्हात्रे ने 53 गेंद खेली और आठ छक्के व इतने ही चौके लगाए। इससे पहले विदर्भ ने अथर्व ताइडे के 64 और अमन मोखाडे के 61 रन के दम पर नौ विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। मुंबई की ओर से शिवम दुबे और सैराज पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए।

### आयुष ने 20 गेंद में लगाई फिफ्टी

म्हात्रे ने 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। म्हात्रे ने छक्का लगाकर टी20 करियर का पहला शतक 49 गेंद में पूरा किया। वहीं दुबे ने 19 गेंद में तीन छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 39 रन की तूफानी पारी खेली। इससे मुंबई ने बड़े आराम से जीत हासिल की. विदर्भ के पास उमेश यादव, दर्शन नालकंडे, यश ठाकुर और हर्ष दुबे जैसे बॉलर थे लेकिन कोई भी म्हात्रे को रोक नहीं पाया।



### हिम्मत सिंह ने जड़ा छक्का, टीम को दिलाई जीत

**अहमदाबाद।** यश धुल की 46 गेंद में 71 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 के ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को तमिलनाडु को छह विकेट से हराया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 198 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली को जीत दिला दी। दिल्ली ने चार विकेट पर 203 रन बनाए। धुल ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़ने के अलावा तीन अर्धशतकीय साझेदारी कर मैच पर दिल्ली की पकड़ बनाए रखी। उन्होंने प्रियांश आर्य (15 गेंद में 35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 52, कप्तान नीतिश राणा (26 गेंद में 34 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आयुष बडोनी (23 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश के खिलाफ वैभव के बल्ले से नहीं निकले रन

मध्य प्रदेश और बिहार की टीम के बीच मुकाबला हुआ,जिसमें बिहार को 62 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए। इसके बाद बिहार की टीम सिर्फ 112 रनों पर सिमट गई। मैच में वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। वैभव सूर्यवंशी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 9 गेंदों में सिर्फ 13 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। उनके अलावा कप्तान शाकिबुल गनी भी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बिहार की टीम के लिए सिर्फ विपिन सौरभ ने ही कुछ देर क्रीज पर टिकने की कोशिश की और उन्होंने 24 गेंदों में कुल 32 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के जड़े। बिहार की पूरी टीम 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और 19.2 ओवर्स में टीम ने 112 रन बनाए। इसी वजह से उसे हार का मुंह देखना पड़ा।

### राजस्थान ने त्रिपुरा को हराया

ग्रुप के एक अन्य मैच में राजस्थान ने सात गेंद शेष रहते त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया। कमलेश नागरकोटी के तीन विकेट से त्रिपुरा को सात विकेट पर 169 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने शुभम गढ़वाल की 20 गेंद में 50 रन की पारी के बूते 18.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुणाल सिंह राठौड़ ने 18 गेंद में नाबाद 33 रन की आक्रामक पारी खेली। उत्तराखंड ने कुणाल चंदेला (94) और आंजनेय सूर्यवंशी की नाबाद 73 रन की पारी से सौराष्ट्र को छह विकेट से हराया। सौराष्ट्र को सात विकेट पर 183 रन पर रोकने के बाद उत्तराखंड ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

एशेज टेस्ट

## 'पिंक बॉल' टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया स्क्वाड का ऐलान



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने जा रहे डे-नाइट एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया गया।

कप्तान पैट कमिंस लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल सकेंगे। पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में सीरीज का पहला टेस्ट में नहीं खेले थे। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले को ऑस्ट्रेलियाई ने सिर्फ दो दिनों के अंदर अपने नाम किया था। इस तेज गेंदबाज को पूरी तरह से फिट होने के लिए दो हफ्तों का समय दिया गया है। 32 वर्षीय पैट कमिंस टीम के साथ ब्रिस्बेन जाएंगे। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ब्रेंडन डॉगेट, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ अपनी जगह बनाए रख सकते हैं। ब्रेंडन डॉगेट ने पर्थ में टेस्ट डेब्यू करते हुए 5 विकेट हासिल किए थे।

### ओपनर उस्मान ख्वाजा टीम में शामिल

टीम में अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को शामिल किया गया है। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ में खेल गए सीरीज के पहले मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को गाबा में अपना पहला ट्रेनिंग सेशन करेगी,जिसके बाद सोमवार को एक सेशन होगा। बता दे कि पर्थ स्टेडियम में खेले गए सीरीज के शुरुआती मैच में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में महज 172 रन पर सिमट गई थी। इस पारी में मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट हासिल किए थे।

**कमिंस की एडिलेड टेस्ट में वापसी की संभावना :** दूसरा टेस्ट चार दिसंबर से शुरू होगा। कमिंस हालांकि टीम के अभ्यास करना जारी रखने के लिए ब्रिसबेन जाएंगे। उनके 17 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की संभावना है। कमिंस को इससे पहले शुक्रवार को ही सिडनी क्रिकेट मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र में स्मिथ को गेंदबाजी करते हुए देखा गया था।

## खबर संक्षेप



### उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम 29 नवंबर और 2 दिसंबर को तमिलनाडु के महाबलीपुरम स्थित एफसी मद्रास अकादमी में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान आयोजित किए जा रहे दोनों मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे और भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से शुरू होंगे। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने इन दो मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। ये दोनों मैच 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम को एशियाई कप के ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। उज्बेकिस्तान भी इसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है और उसे ग्रुप बी में डीपीआर कोरिया, कोरिया गणराज्य और जॉर्डन के साथ रखा गया है।

### महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच बने नीवा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के पूर्व हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) सैंटियागो नीवा महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में राष्ट्रीय टीम से फिर से जुड़ गए हैं। अर्जेंटीना में जन्मे स्वीडन के इस पूर्व मुक्केबाज ने 2017 से 2022 तक भारत की पुरुष टीम के साथ बड़े स्तर पर काम किया था। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की, जिनमें तोक्यो ओलंपिक में भारत की अब तक की सर्वोच्च भागीदारी और 2019 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में दो ऐतिहासिक पदक शामिल हैं। नीवा ने कहा, 'भारत वापस आकर बेहद उत्साहित हूं। मेरे पिछले कार्यकाल में यहां पांच साल शानदार रहे। मैं इस अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।



### तीन अंडर 69 के स्कोर से 10वें स्थान पर अदिति



**मलागा।** अदिति अशोक एंडालूसिया कोस्टा डेल सेल ओपन डि एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं। अदिति ने तीन बर्डी और एक ईगल किया लेकिन दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। लेडीज यूरोपीय टूर पर कई बार की विजेता अदिति शीर्ष पर चल रही डेनमार्क की समिला टार्निंग सोंडरबी और थाईलैंड की त्रिचाट चेंगलाब से तीन शॉट पीछे हैं, जो छह अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए पहला दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। अवनि प्रशांत 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से 27वें जबकि हिताषी बख्शी (73) संयुक्त रूप से 45वें पायदान पर हैं।

# अंडर-19 एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान, वैभव टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को अंडर-19 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। टीम में आक्रामक किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है जबकि 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में 50 ओवरों के प्रारुप में खेले जाने वाले इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए विहान मल्होत्रा को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु-प्रारुप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी-फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा।



### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए. पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज। स्टैंडबाई खिलाड़ीः राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बीके किशोर,आदित्य रावत।

### पाकिस्तान को हराकर ट्राई सीरीज के फाइनल में श्रीलंका, चमीरा को 4 विकेट

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा (20 रन पर चार) ने लक्ष्य का बचाव करते हुए आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन खर्च किए, जिससे श्रीलंका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के अपने करो या मरो मैच में पाकिस्तान को छह रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। पाकिस्तान पहले ही फाइनल में पहुंच चुका था और जिम्बाब्वे की जगह खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए श्रीलंका को खेले गए मैच में जीत की जरूरत थी।

टीम ने सलामी बल्लेबाज कामिल मिसरा की 48 गेंदों में 76 रनों की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 184 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 रन पर रोक दिया।

## 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में होंगे मैच

# भारतीय टीम श्रीलंका से खेलेगी 5 मैचों की सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई ने शुक्रवार को जानकारी दी। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ निर्धारित मैच दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला मैच होगा। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक,'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने पांच मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला विशाखापत्तनम में शुरू होगी और शेष मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।'




| | | |
|---|---|---|
| पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 21 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 23 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 26 दिसंबर, तिरुवनंतपुरम |
| चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 28 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |
| पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 30 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |

# पुणे ग्रैंड टूर 19 जनवरी से भारत की दो टीमें लेंगी हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की पहली 'यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई)' 2.2 श्रेणी की रोड रेस चैंपियनशिप 'पुणे ग्रैंड टूर' के शुरुआती सत्र का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) इसमें दो टीमें उतारेगा। इन टीमों का चयन ओडिशा के संबलपुर में दो से छह दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल से होगा। इससे चयनित खिलाड़ियों का आकलन 28 दिसंबर को पुणे में एक राष्ट्रीय रोड रेस के माध्यम से किया जाएगा। भारत 'ए' और भारत 'बी' की उपस्थिति से उभरते और अनुभवी साइकिल चालक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच मिलेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Destini 125 VX in Delhi.

**TOLL FREE 1800 266 0018**

**Authorised Dealers:** South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero - 7836078484, Janak Puri: Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr: Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.